प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक

मोर्निंग सिटी

सच के साथ...

वर्ष - 11, अंक - 33 , 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर , 2026 | मूल्य- 10 रुपये । पृष्ठ 8 | WWW :morningcity.in

यूपी का सर्वश्रेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म

मोर्निंग सिटी



खबर संक्षेप

शहीद एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी में आग

लखनऊ। बिजनौर जिले में नगीना रेलवे स्टेशन के पास शहीद



एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी से अचानक धुआं उठने और मामूली आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में किसी यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है। अमृतसर से जयनगर जा रही शहीद एक्सप्रेस नगीना रेलवे स्टेशन के पास से गुजर रही थी।

जेडीयू से निष्कासित किए गए बाहुबली अनंत

नई दिल्ली। जनता दल यूनाइटेड ने अपने विधायक अनंत सिंह को पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। हाल ही में विधान परिषद चुनाव में अनंत सिंह ने जेडीयू प्रत्याशी नीरज सिंह का खुलकर विरोध किया था। अनंत सिंह के साथ उनकी पत्नी नीलम देवी को भी जेडीयू से निष्कासित कर दिया गया है। जेडीयू ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण अनंत सिंह को बाहर का रास्ता दिखाया है। विधान परिषद चुनाव में विपक्ष का प्रचार किया था।

सज्जन होंगे कश्मीर के नए मुख्य सचिव

जम्मू। एजीएमयूटी कैडर के आईएएस अधिकारी डॉ. सज्जन



सिंह यादव एक नवंबर से जम्मू-कश्मीर के नए मुख्य सचिव के तौर पर पदभार संभालेंगे और अटल डुल्लू की जगह लेंगे। सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से, डॉ. सज्जन सिंह यादव को दिल्ली से स्थानांतरित कर एक नवंबर 2026 से या उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से, जो भी बाद में हो, मुख्य सचिव के तौर पर तैनात किया जाता है।

आरटीआई कार्यकर्ता के खिलाफ लगाया मकोका

मुंबई। नवी मुंबई पुलिस ने खुद को सूचना का अधिकार आरटीआई कार्यकर्ता बताकर इसकी आड़ में वसूली करने वाले गिरोह के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम लगाया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त ने क्षेत्र के रियल एस्टेट डेवलपर्स को ब्लैकमेल करने, धमकाने और उनसे पैसे ऐंठने के आरोप में त्रिभुवन लालबिहारी और उसके सहयोगियों के खिलाफ मकोका के तहत अभियोजन चलाने की 21 अक्टूबर को मंजूरी दी।

शिकंजे में अब तक 10 आरोपी, खुलने लगीं हैं साजिश की परतें!

टाइगर श्रॉफ पर हमला, इंदौर-सूरत कनेक्शन ने बढ़ाई जांच की आंच

एजेंसी ▶▶ मुंबई/इंदौर/सूरत

बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हमले के मामले में जांच का दायरा अब दो और राज्यों तक फैल गया है। हमले के तार राजस्थान, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के बाद अब मप्र के इंदौर और गुजरात के सूरत से जुड़ने की बात सामने आने के बाद जांच में नया मोड़ आ गया है। हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं। शनिवार को मुंबई पुलिस ने इंदौर से प्रांजल नाम के युवक को पकड़ा है। वहीं सूरत से दो हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं।

टाइगर श्रॉफ पर हुए जानलेवा हमले के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच के हाथ बहुत बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने इस हाई-प्रोफाइल केस की जांच में तेजी लाते हुए गुजरात के सूरत से दो हथियार और 10 जिंदा कारतूस बरामद कर लिए हैं। माना जा रहा है कि इन्हीं हथियारों का इस्तेमाल एक्टर की कार पर गोलियां बरसाने के लिए किया गया था। हालांकि अभी इस पर मुंबई क्राइम ब्रांच की मुहर लगना बाकी है। इसके अलावा मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने इंदौर से एक पुरुष संदिग्ध को हिरासत में लिया है, जिसकी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को मुंबई क्राइम ब्रांच की टीमों ने इस मामले के सिलसिले में एक गुप्त ठिकाने पर छापेमारी की थी।

हथियारों और कारतूसों की जांच

सूरत से मिले इन हथियारों और कारतूसों को अब फोरेंसिक जांच और बैलिस्टिक टेस्टिंग के लिए भेज दिया गया है, ताकि यह पुख्ता किया जा सके कि घटनास्थल पर मिले खाली खोखे इन्हीं हथियारों से दागे गए थे या नहीं। पुलिस इस बात का भी पता लगाने में जुटी है कि इन हथियारों की तस्करी और सप्लाई के पीछे और कौन-कौन लोग शामिल थे।



अब तक 11 दबोचे गए

इस सनसनीखेज वारदात के बाद मुंबई पुलिस ने हत्या के प्रयास और अन्य गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अब तक मप्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से कुल 11 लोगों को धर दबोचा है। इस पूरे मामले में सबसे बड़ा मोड़ तब आया जब गैंगस्टर अनिल पंडित को वांछित आरोपी बनाया गया। मुंबई डीसीपी राज तिलक रौशन ने शनिवार को बताया कि इस गिरफ्तारी के साथ ही केस में अब तक कुल 11 आरोपी पकड़े जा चुके हैं।

हिरासत में संदिग्ध युवक

एक्टर टाइगर श्रॉफ पर हमले की साजिश के तार अब इंदौर से जुड़ गए हैं। मुंबई में टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग कर हत्या की कोशिश के मामले में इंदौर क्राइम ब्रांच ने प्रांजल नामक युवक को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि वह हमले की प्लानिंग में शामिल था। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम को आरोपी के इंदौर में होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद इंदौर क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए प्रांजल को हिरासत में लिया। अब पुलिस उससे पूछताछ कर साजिश से जुड़ी जानकारियां जुटाने का प्रयास कर रही है।

हाईकोर्ट ने भाई की दूसरी अपील खारिज की

बेटी को पैतृक संयुक्त संपत्ति से नहीं किया जा सकता वंचित



बिलासपुर

पिता की मृत्यु वर्ष 1980 में होने के आधार पर बेटी को पैतृक संयुक्त संपत्ति में हिस्से से वंचित नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने हिंदू उत्तराधिकार कानून में 2005 के संशोधन और सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए भाई की दूसरी अपील खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने बहन को जमीन के आधे हिस्से का बंटवारा और अलग कब्जा देने के निचली अदालतों के फैसले को बरकरार रखा है।

मामला ▶▶ शेष पेज 2 पर

फैसले को दी थी चुनौती

निचली अदालतों ने बहन के पक्ष में फैसला सुनाते हुए आधे हिस्से का बंटवारा और अलग कब्जा देने का आदेश दिया था, जिसे भाई ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने कहा केवल 12 वर्ष से अधिक समय तक खेती करने से प्रतिकूल कब्जा साबित नहीं होता। संयुक्त पारिवारिक संपत्ति में एक सह-हिस्सेदार का कब्जा सामान्यतः सभी की ओर से माना जाता है, जब तक दूसरे के अधिकार को स्पष्ट रूप से समाप्त करने का प्रमाण न हो।

इधर, घायल महिला को 19 लाख का मुआवजा

सड़क हादसे में घायल महिला को मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा दिए गए 19 लाख 20 हजार 900 रुपए के मुआवजे को हाईकोर्ट ने बरकरार रखा है। कोर्ट ने मुआवजा बढ़ाने की मांग करने वाली महिला और मुआवजा कम करने की मांग वाली बीमा कंपनी की अपील खारिज कर दी है।

हूती विद्रोहियों ने बनाया निशाना

सऊदी अरब में तेल ठिकाने और एयरपोर्ट पर हमला

एजेंसी ▶▶ दुबई

यमन के हूती विद्रोहियों ने शनिवार को सऊदी अरब के तेल ठिकानों और एयरपोर्ट्स पर हमला किया है। हूती प्रवक्ता याह्या सरी के मुताबिक, निशाने पर सऊदी तेल कंपनी अरामको का यानबू ठिकाना, राबिग तेल रिफाइनरी और रियाद, दम्माम व नजरान के एयरपोर्ट थे। सऊदी सिविल डिफेंस ने मक्का और मदीना में मिसाइलों के टुकड़े गिरने की चेतावनी दी है। लोगों से सुरक्षित जगहों पर रहने को कहा गया है। सऊदी अरब के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने कहा कि उसने पश्चिमी सऊदी अरब के ताइफ और यानबू की ओर दागी गई दो मिसाइलों को बीच में ही रोक दिया। इसके बाद सऊदी सिविल डिफेंस ने ताइफ, यानबू, मक्का और जेद्दा में लोगों को खतरे की चेतावनी दी। लोगों से नजदीकी सुरक्षित जगह पर जाने को कहा गया।



फंसे भारतीयों को निकालने की कोशिश

भारत ने सऊदी अरब में उड़ानें रद्द होने से प्रभावित अपने नागरिकों, खासकर उमरा यात्रियों के लिए शनिवार को परामर्श जारी करते हुए कहा कि उनकी जल्द वापसी के लिए वहां के अधिकारियों के साथ समन्वय किया जा रहा है। जेद्दा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कहा कि जेद्दा और मक्का में उसके 24 घंटे सक्रिय नियंत्रण कक्ष प्रभावित भारतीय नागरिकों को जरूरी सहायता मुहैया करा रहे हैं।

एयर इंडिया ने रद्द कीं उड़ानें

सऊदी अरब में लगातार बिगड़ते हालात को देखते हुए एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस की रियाद और दमाम के लिए आने-जाने वाली उड़ानें 7 नवंबर 2026 तक स्थगित रहेंगी। वहीं, जेद्दा के लिए आने-जाने वाली सेवाएं 31 अक्टूबर 2026 तक स्थगित रहेंगी।

इधर, फ्रांस में सड़क पर लाखों प्रदर्शनकारी

फ्रांस में प्रदर्शनकारी लगातार बवाल मचाए हुए हैं। यहां सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शन हुए हैं। इन सभी का मुद्दा देश में बढ़ती महंगाई और शिक्षा के लिए फंड की कमी है, जिसको लेकर लोगों में गुस्सा पसरा हुआ है। सुरक्षाबलों से प्रदर्शनकारियों की झड़प भी देखने को मिली है। हाल ही में हुई हिंसा को दोबारा रोकने की कोशिश के दौरान यह झड़प फिर से हुई हैं। फ्रांसीसी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के आधिकारिक आंकड़ों की मानें तो पूरे देश में करीबन 4 लाख 10 हजार प्रदर्शनकारी मोर्चाबंदी किए हुए हैं।

सड़क निर्माण स्थल पर बड़ा हादसा

पिकअप ट्रक में डीजल भरते वक्त लगी आग, 7 जिंदा जले

एजेंसी ▶▶ पिनाकोटा

आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारामराजू जिले में एक सड़क निर्माण स्थल पर पिकअप ट्रक में डीजल भरते समय आग लगने से 7 लोगों की मौत हो गई। यह घटना अनंतगिरि मंडल के पिनाकोटा गांव में सड़क निर्माण स्थल पर हुई। दूरदराज इलाके में होने के कारण श्रमिक वाहनों में ईंधन भरने के लिए आमतौर पर ड्रम में डीजल लेकर आते हैं।

इधर, ट्रक से टकराई कार, छह की मौत

जयपुर। राजस्थान में सादुलपुर कस्बे के पास शनिवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों में से पांच लोग एक ही परिवार के हैं। ढढरेवा-तारानगर सड़क मार्ग पर यह हादसा उस समय हुआ, जब एक तेज रफ्तार कार आगे जा रहे ट्रक से टकरा गई। कार में सात लोग सवार थे।

मृत्युदंड के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची मुस्कान और साहिल

एजेंसी ▶▶ मेरठ

यूपी के चर्चित नीले ड्रम हत्याकांड मामले में फांसी की सजा पा चुके मुस्कान और साहिल हाईकोर्ट पहुंचे हैं। उन्होंने मेरठ कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। दोनों ने फांसी की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सौरभ हत्याकांड मामले में कोर्ट ने दोनों को 14 अक्टूबर को फांसी की सजा सुनाई थी। इसके बाद से ही दोनों ने



मेरठ कोर्ट के फैसले को दी चुनौती

फांसी के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देने का फैसला किया था। दोनों चाहते हैं कि निचली हदालत द्वारा सुनाए गए फांसी के फैसले को हाईकोर्ट रद्द कर दे।

दोनों को फांसी की सजा

14 अक्टूबर को जिला जज मेरठ अरविंद कुमार मिश्रा की अदालत ने कातिल मुस्कान और उसके प्रेमी साहिल को मृत्यु दंड की सजा सुनाई थी। सजा वाले दिन सुबह दोनों को वीडियो कांफ्रेंसिंग से कोर्ट में पेश किया गया था। इसके बाद दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं ने करीब सवा घंटे कोर्ट में बहस हुई थी। शाम 4.15 बजे कोर्ट ने दोनों को फांसी की सजा सुनाई थी। साथ ही एक लाख 40 हजार का अर्थदंड भी लगाया था।

30 अक्टूबर को प्रतीकात्मक कार्यवाही, 1 नवंबर को दिल्ली मार्च

इंडिया गठबंधन ज्ञानेश के खिलाफ लाएगा 'जन महाभियोग'

नई दिल्ली

वोट चोरी के आरोपों को लेकर विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आंदोलन तेज करने का फैसला किया है। गठबंधन के नेता 30 अक्टूबर को दिल्ली में एक 'जनता के सामने महाभियोग' यानी प्रतीकात्मक संसदीय कार्यवाही करेंगे और उनके खिलाफ जनता का फैसला सुनाने की घोषणा करेंगे। इसके अगले दिन, 1 नवंबर को 'दिल्ली चलो मार्च' निकाला जाएगा, जो रामलीला मैदान में समाप्त होगा। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के मुताबिक, विपक्ष का लक्ष्य इन कार्यक्रमों के जरिए लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संदेश देना है। विपक्षी इंडिया ब्लॉक 30 अक्टूबर को दिल्ली के होटल अशोक में 'मॉक पार्लियामेंट' यानी प्रतीकात्मक संसद आयोजित करेगा।



इधर, दिल्ली मार्च टालने का व्यापारियों ने किया आग्रह

व्यापारी संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से दिल्ली के रामलीला मैदान में एक नवंबर को होने वाली 'इंडिया' गठबंधन की रैली को 10 नवंबर तक के लिए स्थगित करने का आग्रह किया है। व्यापारिक निकाय ने चेतावनी दी है कि इस रैली से दिवाली के मुख्य खरीदारी सत्र के दौरान 10,000 करोड़ रुपए का कारोबार प्रभावित हो सकता है।

1 नवंबर को 'दिल्ली चलो मार्च'

विपक्ष 1 नवंबर को 'दिल्ली चलो मार्च' निकालेगा, जिसका समापन रामलीला मैदान में होगा। कांग्रेस ने इसे 'वोट चोरी' के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी रैली बनाने की तैयारी की है। केसी वेणुगोपाल ने दावा किया कि इस कार्यक्रम में देशभर से लोग शामिल होंगे। महिला कांग्रेस प्रमुख अलका लांबा ने बताया कि पार्टी ने रैली में 10 लाख लोगों को जुटाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के मौसम के कारण रैली को टालने या रद्द करने का सवाल नहीं है।

विपक्ष की क्या है मांग?

इंडिया ब्लॉक की मुख्य मांगों में मतदाता सूची से कथित तौर पर लाखों नाम हटाए जाने का मुद्दा और एसआईआर प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोप शामिल हैं। विपक्ष ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी कर रहा है। गठबंधन का कहना है कि इन मुद्दों पर सरकार और चुनाव आयोग पर जवाब देने का दबाव बढ़ाया जाना चाहिए।

सम्पादकीय

चीन से मुकाबले के लिए भारत को क्यों बदलनी होगी रणनीति?

आधुनिक युद्धों में तकनीक की भूमिका रूस-यूक्रेन और अमेरिका-ईरान के बीच संघर्षों में देखने को मिली है। अब दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखने, उसके संचार तंत्र को बाधित करने और दूर बैठे ही सटीक हमला करने के लिए तकनीक का व्यापक इस्तेमाल किया जा रहा है। विश्व भर में युद्ध का स्वरूप समय के साथ तेजी से बदल रहा है। पहले युद्ध में सैनिकों की संख्या, हथियारों की मारक क्षमता, टैंकों, तोपों और लड़ाकू विमानों की भूमिका निर्णायक मानी जाती थी। मगर अब आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से युद्ध की रणनीति और लड़ने के तरीके, दोनों बदल रहे हैं। ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ, साइबर हमले, उपग्रह निगरानी, रोबोटिक हथियार और उन्नत मिसाइल जैसी रक्षा प्रणालियां युद्ध के नए साधन बन गए हैं। ऐसे में भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती पड़ोसी मुल्क चीन की बढ़ती तकनीकी और सामरिक क्षमताओं से मुकाबला करने की है। यह बात छिपी नहीं है कि भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव कई बार टकराव में तब्दील हुआ है। खबरों के मुताबिक, डोकलाम और गलवान के घटनाक्रमों के बाद अब अरुणाचल प्रदेश में सीमा पर चीनी सेना की हलचल बढ़ी है। आइटीबीपी के महानिदेशक ने बीते गुरुवार को एक कार्यक्रम में इस चिंता को रेखांकित करते



सुशील कुमार सिंह प्रधान संपादक

हुए स्पष्ट किया कि चीन के साथ पारंपरिक युद्ध के तरीकों से मुकाबला करने का दौर बीत चुका है और सुरक्षा बल अपने जवानों, हथियारों, वाहनों और सीमा चौकियों के आधुनिकीकरण पर जोर दे रहा है। आधुनिक युद्धों में तकनीक की भूमिका रूस-यूक्रेन और अमेरिका-ईरान के बीच संघर्षों में देखने को मिली है। अब दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखने, उसके संचार तंत्र को बाधित करने और दूर बैठे ही सटीक हमला करने के लिए तकनीक का व्यापक इस्तेमाल किया जा रहा है। एआइ की मदद से युद्धक्षेत्र से मिलने वाली सूचनाओं का विश्लेषण करके तेजी से निर्णय लिया जा सकता है। वहीं, साइबर हमलों के जरिए बिजली आपूर्ति, संचार नेटवर्क, बैंकिंग और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जा सकता है। इस बदलाव का अर्थ यह है कि अब किसी देश की सैन्य शक्ति केवल उसके सैनिकों और हथियारों की संख्या से नहीं आंकी जा सकती। तकनीकी दक्षता, खुफिया जानकारी, संचार व्यवस्था और विभिन्न सैन्य प्रणालियों के बीच बेहतर तालमेल भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है। आइटीबीपी चीन के साथ करीब साढ़े तीन हजार किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा की सुरक्षा करती है। बढ़ती चुनौतियों के बीच इस बल ने अपनी सभी सीमा इकाइयों में ड्रोन प्लाटून गठित की हैं और आधुनिक युद्ध की जरूरतों के मद्देनजर सीमा पर व्यापक भूमिगत ढांचे बनाए जा रहे हैं। भारत के लिए यह बदलाव इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है कि चीन सैन्य आधुनिकीकरण और नई तकनीकों के विकास पर लगातार जोर दे रहा है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, वह सैन्य निर्णय लेने, निगरानी, खुफिया जानकारी जुटाने और लक्ष्य निर्धारित करने जैसे क्षेत्रों में एआइ के इस्तेमाल को आगे बढ़ा रहा है। ऐसे में भारत को सीमा सुरक्षा के पारंपरिक इंतजामों के साथ-साथ अपनी तकनीकी क्षमता भी मजबूत करनी होगी। अरुणाचल प्रदेश से लगती चीन की सीमा पर मौजूदा तनाव को लेकर विदेश मंत्रालय का कहना है कि मुद्दों को सुलझाने के लिए दोनों पक्षों की ओर से राजनयिक और सैन्य तंत्र का इस्तेमाल किया जा रहा है। मगर, चुनौती केवल सीमा तक सीमित नहीं है, चीन की ओर से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दबदबा बढ़ाने का प्रयास, अंतरिक्ष आधारित निगरानी प्रणालियों का विस्तार और सीमा पार से साइबर सुरक्षा से जुड़े जोखिम भी भारत के लिए रणनीतिक चिंताएं पैदा करते हैं। इसलिए भारत की तैयारी ऐसी होनी चाहिए कि वह किसी एक क्षेत्र में तकनीकी बढ़त पर निर्भर रहने के बजाय सभी मोर्चों पर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सके।

कलाकार हैं स्वप्नद्रष्टा और शांतिपूर्ण भविष्य के शिल्पी

ललित गर्ग





विकास केवल ऊँची इमारतों, आधुनिक हथियारों, विशाल बाजारों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक सीमित है, अथवा उसका वास्तविक उद्देश्य मनुष्य के जीवन को सुरक्षित, सुंदर, स्वतंत्र और आनंदमय बनाना भी है? कला और कलाकार इस प्रश्न का उत्तर मनुष्य के हृदय में खोजते हैं। वे याद दिलाते हैं कि सभ्यता की महानता विनाश की क्षमता से नहीं, बल्कि सृजन, संरक्षण और सह-अस्तित्व की योग्यता से मापी जानी चाहिए।

राजनीति और कूटनीति जहाँ कई बार हितों, सीमाओं और शक्ति-संतुलन के गणित में उलझ जाती हैं, वहीं कला और कलाकार मनुष्य के साझा दुख और साझा आनंद को सामने लाती है। एक चित्रकार युद्ध से उजड़े घर की तस्वीर बनाता है, तो उसमें किसी एक देश का नहीं, संपूर्ण मानवता का दर्द दिखाई देता है। एक संगीतकार जब करुणा से भरी धुन छेड़ता है, तो उसकी भाषा समझने के लिए किसी अनुवाद की आवश्यकता नहीं होती। किसी कवि की पंक्तियों में व्यक्त प्रेम, किसी नर्तकी की भाव-भंगिमा में झलकती पीड़ा और किसी मूर्तिकार की रचना में उभरती मानवीय गरिमा भौगोलिक सीमाओं से परे जाकर हृदयों को जोड़ती है। यही कला की वह शक्ति है, जो शत्रुता के बीच संवाद, निराशा के बीच आशा और विभाजन के बीच आत्मीयता के पुल बना सकती है। कला और युद्ध के बीच का अंतर भी गहरे चिंतन का विषय है। युद्ध की मानसिकता दूसरे को पराजित करने में अपनी विजय खोजती है, जबकि कला दूसरे के अनुभव को समझने की दृष्टि प्रदान करती है। युद्ध सीमाओं पर दीवारें खड़ी करता है, कला उन दीवारों के पार झाँकना सिखाती है। हथियार शरीर को घायल करते हैं, किंतु घृणा मनुष्य की आत्मा को भी आहत करती है; कला उस आत्मा के घावों को भरने का प्रयास करती है। जहाँ हिंसा प्रतिशोध को जन्म देती है, वहीं सच्चा कलात्मक सृजन सहानुभूति और आत्ममंथन की प्रेरणा देता है। इसका अर्थ यह नहीं कि कला अकेले युद्ध रोक सकती है अथवा कलाकारों की अभिव्यक्ति मात्र से आतंकवाद समाप्त हो जाएगा। युद्धों को रोकने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति, न्यायपूर्ण नीतियाँ, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और प्रभावी संस्थाएँ आवश्यक हैं। लेकिन इन प्रयासों को स्थायी आधार देने के लिए ऐसी मानवीय चेतना चाहिए, जो हिंसा को गौरव और शांति को कमजोरी न समझे। कला इसी चेतना के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



भारत की सांस्कृतिक परंपरा में कला का संबंध केवल मनोरंजन से नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन, आध्यात्मिकता और सामाजिक समरसता से भी रहा है। यहाँ संगीत साधना है, नृत्य भावों की अभिव्यक्ति है, साहित्य लोकमंगल की चेतना है और लोककला समुदायों की स्मृति एवं पहचान का जीवंत दस्तावेज है। जैन दर्शन का अहिंसा और अनेकांत का संदेश भी हमें सिखाता है कि सत्य को समझने के लिए दृष्टियों की विविधता का सम्मान आवश्यक है। अनेकांत की भावना कला की प्रकृति से मेल खाती है, क्योंकि एक ही दृश्य, घटना अथवा अनुभूति को अलग-अलग कलाकार भिन्न दृष्टिकोणों से अभिव्यक्त कर सकते हैं। इन विविध अभिव्यक्तियों को स्थान देना संवाद, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व को मजबूत करता है। इसके बावजूद आज कलाकारों के सामने अनेक चुनौतियाँ हैं। बाजार का दबाव कई बार कला को केवल लाभ और लोकप्रियता की कसौटी पर परखता है। त्वरित प्रसिद्धि की चाह, अभिव्यक्ति पर अनुचित प्रतिबंध, सांस्कृतिक असहिष्णुता और रचनात्मक स्वतंत्रता के प्रति संदेह कलाकार की संभावनाओं को सीमित कर सकते हैं। डिजिटल माध्यमों ने सृजन के अवसर बढ़ाए हैं, लेकिन सतही लोकप्रियता की प्रतिस्पर्धा ने गंभीर कलात्मक अभिव्यक्ति के सामने नई चुनौतियाँ भी खड़ी की हैं। कलाकार का सम्मान केवल पुरस्कार देकर या उसकी रचना की प्रशंसा करके पूरा नहीं होता; उसे स्वतंत्र अभिव्यक्ति, गरिमापूर्ण आजीविका, उचित पारिश्रमिक और सुरक्षित रचनात्मक वातावरण उपलब्ध कराना भी आवश्यक है। साथ ही कलाकारों का दायित्व है कि वे अपनी स्वतंत्रता का उपयोग समाज में घृणा फैलाने के बजाय विवेक, संवेदना और संवाद को प्रोत्साहित करने के लिए करें।

अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दिवस हमें इस दिशा में सामूहिक संकल्प लेने का अवसर देता है। विशेष रूप से नई पीढ़ी को यह समझाना होगा कि सृजनशीलता का सर्वोच्च उपयोग केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज को अधिक न्यायपूर्ण, सुंदर और मानवीय बनाने में है। वास्तव में कला मनुष्य को यह विश्वास दिलाती है कि विनाश के अंधकार के बीच भी सृजन का दीप जलाया जा सकता है। वह हमें सिखाती है कि जीवन का सौंदर्य दूसरों को पराजित करने में नहीं, उनके साथ मिलकर जीने में है; मित्रता का अर्थ केवल समान विचारों वालों से निकटता नहीं, बल्कि भिन्नताओं के बावजूद सम्मान बनाए रखना है; और शांति का अर्थ केवल युद्ध का अभाव नहीं, बल्कि न्याय, स्वतंत्रता, करुणा और परस्पर विश्वास की उपस्थिति भी है। कलाकार अपने रंगों, स्वरों, शब्दों, मुद्राओं और कल्पनाओं से ऐसे विश्व की तस्वीर रच सकते हैं, जिसमें मनुष्य की पहचान उसकी जाति, भाषा, धर्म या राष्ट्रीयता से पहले उसकी मानवीय गरिमा से हो।

अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दिवस का वास्तविक संदेश यही है कि जहाँ हथियार भय पैदा करते हैं, वहाँ कला विश्वास जगाती है; जहाँ घृणा मनुष्यों को बाँटती है, वहाँ सृजन उन्हें जोड़ता है; और जहाँ युद्ध जीवन को उजाड़ते हैं, वहाँ कला जीवन को फिर से सुंदर बनाने का स्वप्न देती है। आज विश्व को केवल शक्तिशाली सेनाओं, समृद्ध अर्थव्यवस्थाओं और आधुनिक तकनीकों की ही आवश्यकता नहीं, बल्कि ऐसे संवेदनशील कलाकार हृदयों की भी आवश्यकता है, जो शांति को जीवन का आदर्श बना सकें। कलाकार मानवता के ऐसे ही स्वप्नद्रष्टा और भविष्य के शिल्पी हैं। उनके सृजन को सम्मान देना वस्तुतः मनुष्यता के उज्ज्वल भविष्य का सम्मान करना है। जब कला जीवन का उत्सव बनेगी, संवेदना सामाजिक संस्कार बनेगी और सह-अस्तित्व वैश्विक जीवन-दृष्टि बनेगा, तभी पृथ्वी युद्धों की आशंकाओं से मुक्त होकर शांति, मैत्री, अहिंसा और सौंदर्य की साझा धरती बन सकेगी।

बदलती दुनिया में अप्रासंगिक होता संयुक्त राष्ट्र

योगेश कुमार गोयल

दुनिया के 50 देशों ने वर्ष 1945 में मिलकर संयुक्त राष्ट्र अधिकार पत्र पर हस्ताक्षर कर संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन किया था, जिसके बाद से प्रतिवर्ष 24 अक्तूबर को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया जाता है। दरअसल द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को अधिक समतापूर्ण और न्यायोचित बनाने के लिए एक नए संगठन की स्थापना का विचार उभरा था, जो पांच राष्ट्रमंडल सदस्यों तथा आठ यूरोपीय निर्वासित सरकारों द्वारा 12 जून 1941 को लंदन में हस्ताक्षरित अंतर-मैत्री उद्घोषणा में पहली बार सार्वजनिक रूप से अभिव्यक्त हुआ था। उस उद्घोषणा के अंतर्गत एक स्वतंत्र विश्व के निर्माण हेतु कार्य करने का आव्हान किया गया था, जिसमें लोग शांति और सुरक्षा के साथ भयमुक्त वातावरण में रह सकें तथा निजीकरण एवं आर्थिक सहयोग के मार्ग की खोज कर सकें। उसके बाद 1944 में सोवियत संघ, अमेरिका, चीन तथा ब्रिटेन के प्रतिनिधियों द्वारा वाशिंगटन के डम्बर्टन ओक्स एस्टेट में कई बैठकों के आयोजन के बाद एक शांतिरक्षक वैश्विक संस्था बनाने की रूपरेखा तैयार की गई, जिसके आधार पर 50 देशों के प्रतिनिधियों के बीच 1945 में बातचीत हुई और 26 जून 1945 को सभी 50 देशों द्वारा चार्टर पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद यह चार्टर 24 अक्तूबर 1945 से प्रभावी हो गया। तभी से प्रतिवर्ष 24 अक्तूबर को ह्यसंयुक्त राष्ट्र दिवसह्न मनाया जाने लगा।

अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों में हस्तक्षेप करने के उद्देश्य से स्थापित करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ को इतनी शक्तियां प्रदान की गई कि वह अपने सदस्य देशों की सेनाओं को विश्व शांति के लिए कहीं भी तैनात कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के बाद से ही दुनिया के अनेक देश इसके साथ जुड़ते गए और 50 सदस्यों के साथ शुरू हुए इस वैश्विक संघ के सदस्य देशों की संख्या अब 193 हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र की संरचना में सुरक्षा परिषद वाले सबसे शक्तिशाली देश थे अमेरिका, फ्रांस, रूस तथा यूनाइटेड किंगडम, जिनकी द्वितीय विश्वयुद्ध में अहम भूमिका थी। संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्य उद्देश्यों में युद्ध रोकना, मानवाधिकारों की रक्षा करना, सभी देशों के बीच मित्रवत संबंध कायम करना, अंतर्राष्ट्रीय कानूनों को निभाने की



प्रक्रिया जुटाना, सामाजिक एवं आर्थिक विकास, निर्धन तथा भूखे लोगों की सहायता करना, उनका जीवन स्तर सुधारना, बीमारियों से लड़ना इत्यादि शामिल हैं और इन उद्देश्यों को निभाने के लिए 1948 में मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा प्रमाणित की गई। हालांकि विड़म्बना है कि संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के इन 81 वर्षों में यह वैश्विक संस्था अब धीरे-धीरे अपनी प्रासंगिकता खोने लगी है। दरअसल बीते 81 वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, अर्थव्यवस्था, हथियार, मीडिया, समाज, मुद्रा तथा समाज से संबंधित तमाम नीतियां इसके पांच स्थायी सदस्य देशों ब्रिटेन, अमेरिका, चीन, रूस तथा फ्रांस के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप ही निर्धारित की जाती रही हैं, जिस कारण ऐसी नीतियों का खामियाजा भारत के अलावा जापान, जर्मनी, आस्ट्रेलिया, इजरायल, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात जैसे कई अन्य देशों को भुगतना पड़ा है, जो संयुक्त राष्ट्र महासभा की स्थायी सदस्यता के लिए तमाम मानदंडों को पूरा करने के बाद भी दशकों से सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य बनने के लिए प्रयासरत हैं।

संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के आठ दशकों में विश्व के सामरिक और आर्थिक समीकरण पूरी तरह बदल चुके हैं लेकिन इतना लंबा समय बीत जाने और तमाम वैश्विक समीकरण पूर्ण रूप से बदल जाने के बावजूद वीटो अधिकार वाले पांचों स्थायी सदस्यों में से कोई भी अपने वीटो अधिकार और स्थायी सीट को छोड़ने को तैयार नहीं है। हालांकि स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर संयुक्त राष्ट्र में आम सहमति है लेकिन चीन को खासकर एशिया से वीटो अधिकार वाले सदस्यों की संख्या बढ़ाना किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं है, जहां स्थायी सदस्यता के दोनों दावेदारों (भारत और जापान) पर वह विभिन्न कारणों से संदेह करता है। भारत ने जिस चीन को मान्यता देने में पहल की थी और सुरक्षा परिषद में उसकी स्थायी सीट को सिद्धांत के तौर पर लेने से मना कर दिया था, आज वही चीन भारत की स्थायी सदस्यता के मार्ग में रोड़े अटका रहा है। भारत चीन के वीटो पावर के कारण ही सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य नहीं बन पा रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ की सबसे बड़ी कमजोरी यही है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित किए जाने वाले प्रस्ताव बाध्यकारी प्रकृति के नहीं होते। आश्चर्य की बात है कि महासभा में 193 सदस्य देशों द्वारा पारित किए जाने वाले प्रस्ताव भी सुरक्षा परिषद के 5 स्थायी सदस्यों की सहमति पर ही निर्भर करते हैं। इसीलिए अनेक देशों द्वारा इसमें सुधार किए जाने की मांग बीते कई वर्षों से निरंतर की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी की वकालत करते हुए कह चुके हैं कि नई ताकतों को केन्द्रीय भूमिका में लाए बिना दुनिया की यह सबसे बड़ी पंचायत स्वयं से की जाने वाली अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पाएगी। दुनिया के कई देश बार-बार कहते रहे हैं कि संयुक्त राष्ट्र का ढ़ांचा अब पुराना पड़ चुका है और इसकी स्थापना के समय जो परिस्थितियां थी, वे अब बहुत पुरानी हो चुकी हैं। इसलिए यदि यह वैश्विक संस्था अपने भीतर समयानुकूल सुधार नहीं लाती है तो कालांतर में यह महत्वहीन होती चली जाएगी। रूस-यूक्रेन युद्ध हो या इजरायल-फिलस्तीन अथवा अमेरिका-ईरान युद्ध, इन संघर्षों में दोनों ही पक्षों के हजारों बेगुनाह लोग मारे जा रहे हैं, हजारों परिवार उजड़ चुके हैं, लाखों की आबादी पलायन की त्रासदी से जूझ रही है, शहर के शहर मलबे में तब्दील हो रहे हैं लेकिन संयुक्त राष्ट्र संघ इन संघर्षों को रोकने के लिए कुछ नहीं कर सका है। इसीलिए दुनिया में जगह-जगह युद्ध टालने के लिए संयुक्त राष्ट्र की ओर से ठोस योजनाओं पर अमल किए जाने की जरूरत महसूस होती रही है क्योंकि इस वैश्विक संस्था का गठन ही दुनिया में अमन-चैन कायम रखने के उद्देश्य के साथ किया गया था लेकिन चिंता की बात है कि इन युद्धों में उसकी निष्क्रियता समूची मानव सभ्यता पर भारी पड़ रही है।

लघुकथा

उसकी जरूरत

उसके मन में चल रहा अंतर्द्वंद चेहरे पर सहज ही परिलक्षित हो रहा था। वह अपनी पत्नी के बारे में सोच रहा था, चार साल हो गए इसकी बीमारी को, अब तो दर्द का अहसास मुझे भी होने लगा है, इसकी हर चीख मेरे गले से निकली लगती है। ...और उसने मुट्ठी भींच कर दीवार पर दे मारी, लेकिन अगले ही क्षण हाथ खींच लिया। कुछ मिनटों पहले ही पत्नी की आँख लगी थी, वह उसे जगाना नहीं चाहता था। वह वहीँ जमीन पर बैठ गया और फिर सोचने लगा, सारे इलाज कर लिये, बीमारी बढ़ती जा रही है, क्यों न इसे इस दर्द से हमेशा के लिए छुटकारा...? नहीं... लेकिन... आखिरकार उसने दिल कड़ा कर वह निर्णय ले ही लिया, जिस बारे में वह कुछ दिनों से सोच रहा था। घर में कोई और नहीं था, वह चुपचाप रसोई में गया, पानी का गिलास भरा और अपनी जेब से कुछ दिनों पहले खरीदी हुई जहर की पुड़िया निकाली। पुड़िया को देखते ही उसकी आँखों में आँसू तैरने लगे, लेकिन दिल मजबूत कर उसने पानी में जहर डाल दिया और एक चम्मच लेकर कांपते हाथों से उसे घोलने लगा। रसोई की खिड़की से बाहर कुछ बच्चे खेलते दिखाई दे रहे थे, उनमें उसका पोता भी था, वह उन्हें देखते हुए फिर पत्नी के बारे में सोचने लगा, इसकी सूरत अब कभी... इसके बिना मैं कैसे रहूँगा? तभी खेलते-खेलते एक बच्चा गिर गया और उस बच्चे के मुंह से चीख निकली। चीख सुनते ही वह गिलास फैंक कर बाहर भागा, और पोते से पूछा, "क्या हुआ बेटा?" पोते ने उसे आश्चर्य से देखा, क्योंकि पोता तो गिरा ही नहीं था, अलबत्ता गिलास जरूर वाशबेसिन में गिर कर जहरीले पानी को नाली में बहा चुका था। ...और वह भी चैन की सांस लेकर अंदर लौट आया।

- डॉ चंद्रेश कुमार छतलानी

कहानी

ऐजल की छुट्टियों में गिलहरी और हंस



एक दिन ऐजल अपने नानू के साथ बाग में गई। उसने देखा वहां आम, अमरूद और लीची के पेड़ हैं जिनके आस पास गिलहरियां फुदक रही हैं। वह झट से वृक्ष पर चढ़ जाती हैं फिर सरपट उतर जाती हैं। खाने के लिए इधर उधर ढूंढती रहती हैं। ऐजल को उनका फुदकना, एक दूसरे के साथ खेलना, लड़ना बहुत अच्छा लगा। ऐजल के स्कूल में छुट्टियां हुई तो वह अपनी नानी के घर आई। नानी एक छोटे पहाडी शहर में रहती है। वहां एक बहुत पुराना बाग है जिसमें एक मंदिर है। उसके सामने विशाल तालाब है जिसमें मछलियां भी हैं। बाग में सुन्दर क्यारियां बनी हुई हैं जिनमें खूब सारे खूबसूरत फूल खिले हए हैं । पीले रंग के गुलाब भी हैं। एक दिन ऐजल अपने नानू के साथ बाग में गई। उसने देखा वहां आम, अमरूद और लीची के पेड़ हैं जिनके आस पास गिलहरियां फुदक रही हैं। वह झट से वृक्ष पर चढ़ जाती हैं फिर सरपट उतर जाती हैं। खाने के लिए इधर उधर ढूंढती रहती हैं। ऐजल को उनका फुदकना, एक दूसरे के साथ खेलना, लड़ना बहुत अच्छा लगा। उसने पूछा, नानू यह मेरी दोस्त बन गई हैं, इनको हम क्या खिला सकते हैं। नानू ने कहा, इन्हें मूंगफलियां अच्छी लगती हैं, हम कल इनके लिए लाएंगे। अगले दिन वह कागज के लिफाफे में मूंगफलियां लेकर गई। उनके आगे पीछे घूमती रही, जमीन पर मूंगफलियां रखती रही। गिलहरियों से कहती रही, प्लीज मेरी मूंगफली खा लो। थोड़ी देर बाद जब एक गिलहरी दोनों हाथों में मूंगफली पकड़कर खाने लगी तो ऐजल खुद गिलहरी की तरह उछलकर कहने लगी नानू, गिलहरी ने मेरी मूंगफली खा ली। वह बहुत खुश हुई और गिलहरी को थैंक्यू कहा। अगले दिन रविवार था। वह अपनी नानी और नानू के साथ बाग में पहुंची तो उसने जीवन में पहली बार हंस पक्षी देखे। एक दो नहीं छ हंस बाग में इक्कठे यहां वहां घूमते मिले। रविवार की छुट्टी के कारण काफी अभिभावक और बच्चे आए हुए थे। जब लोग हंसों के ज्यादा पास जाते तो वे पक्षी परेशान दिखते, मिलकर आवाजें निकालते मानो एक दूसरे को समझा रहे हों कि चौक्कने रहो, चलो यहां से चलते हैं। तभी कुछ देर बाद सभी हंस तालाब में तैरने लगे। ऐजल, नानी और नानू वहां बनी सीढ़ियों पर बैठ गए। हंस तैरते रहे, नहाते, कलाबाजियां खाते, मस्ती करते रहे। ऐजल ने ऐसा दृश्य, अपनी आँखों के सामने पहली बार देखा तो उसे बहुत खुशी हुई। हंस जब पूरे पंख फैलाते तो कहती, इनके पंख कितने सुन्दर हैं, उन पर डिजाईन भी अलग अलग हैं। वे लम्बी चोंच से कीड़े या छोटी छोटी मछलियां पकड़ कर खाते रहते। कुछ बच्चे खाने के लिए उन्हें चिप्स दे रहे थे तो ऐजल ने उनसे कहा, प्लीज आप उनको चिप्स न दें, यह उनके स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं। किसी दिन सभी हंस जमीन पर बैठ, पेड़ के नीचे गर्दन दुबकाकर सोए रहते, कई बार तो एक टांग पर खड़े खड़े ही सुस्ताते दिखे। यह देखकर ऐजल को बहुत हैरानी होती। वह नानू से कहती, हंस कितने क्यूट हैं, क्या मैं भी इस तरह खड़े खड़े सो सकती हूं और वह उनकी तरह करने लगती। उसे सचमुच अच्छा लगता। उस दिन ऐजल नानी के साथ आई। उसने हंसों को बाग में बहती नाली में पानी पीते देखा तो पूछा, ये गंदा पानी क्यूं पी रहे हैं नानी, क्या हम इनको साफ पानी नहीं दे सकते। हमारी टीचर कहती है हम सब को साफ पानी पीना चाहिए। उसे बाग में फेंका कूड़ा भी अच्छा नहीं लगा। चिप्स के कुछ खाली रैपर तो उसने अपने नन्हें हाथों से उठाकर कूड़ेदान में फेंके। कुछ शरारती बच्चे हंसों को भगा रहे थे, उनसे कहा, हमें पक्षियों को तंग नहीं करना चाहिए। वे कितने सुन्दर हैं। एक दिन ऐजल को हंस कम लगे, उसने गिने, पांच हंस ही घूम रहे हैं। उसने नानू से पूछा, एक हंस कहां गया तो नानू उसे माली के पास ले गए। उन्होंने बताया कि वह हंसनी अलग बैठी है और अंडे देने की तैयारी कर रही है। यह सुनकर तो ऐजल कल्पनाओं की दुनिया में पहुंच गई, खुश होकर कहने लगी, पहले यह अंडे देगी फिर उन्हें प्रोसेस करेगी, कुछ दिन बाद उनमें से बच्चे निकलेंगे फिर वे सभी अपने मम्मी पापा के साथ इस बाग में घूमेंगे और पानी में खेलेंगे। नानू ने बाग में उसके कई फोटो खींचे। ऐजल को छुट्टियों में गिलहरियों और हंसों से मिलकर बहुत मजा आया। आज उसने अपनी मित्र गिलहरियों और हंसों से वायदा किया कि अगली छुट्टियों में फिर उनसे मिलने आएगी। उसकी छुट्टियां खत्म हो गई हैं। कल सुबह उसने वापिस चंडीगढ़ जाना है।

सैटिंग, बैटिंग और रेटिंग

संतोष उत्सुक

(व्यंग्य)

उनकी दी हुई रेटिंग भुलाकर हम यह ध्यान रखते हैं कि हमारी सारी वोटें सलामत रहें, जातीय समीकरण बिगड़ें नहीं। उदाहरणतया पारदर्शिता के अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने गुरुओं को ईमानदारी के पैमाने पर मनमाने अंक दिए हैं। हम क्यूं खाएं उनका बेस्वाद आकलन। उन्हें पता होना चाहिए कि हमें पसंद नहीं आएगा।

हजारों साल से पूरी दुनिया जानती है कि हम अपना सभी आकार और प्रकार का कामकाज अपनी पसंद की शैली में करते हैं। माहौल खुश रहे इसलिए हम अपनी सैटिंग, बैटिंग और रेटिंग भी खुद किया करते हैं। दूसरा रेटिंग करने वाला चाहे कितना शानदार, जानदार और ईनामदार हो हम रेटिंग स्वीकार नहीं करते। रेटिंग एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय हो, उसका नाम कितना भी आकर्षक हो। हम मानते हैं इन संस्थाओं द्वारा रेटिंग अपनी सुविधा के लिए की जाती है और हमारे लिए दुविधा खड़ी हो जाती है। हमें पता है खुद को यशस्वी, अनुभवी, तेज तर्रार मानने वालों से सही अनुमान नहीं लगता और हर दो तीन महीने में अनुमान बदलते रहते हैं। उसे घटाते ज्यादा हैं और बढाते कम हैं। अपना वक़्त बर्बाद करते रहते हैं हमारा मूड बिगाड़ते हैं। अंदाजा कुछ लगाते हैं परिणाम कुछ और निकालते हैं। विश्वगुरुओं यानि हमारी रेटिंग करने के सन्दर्भ में इस तरह से काम करना अच्छी बात नहीं है। उन्हें अभी तक समझ नहीं आया कि सैटिंग, बैटिंग और रेटिंग हमारी अपनी होती है।

उनकी दी हुई रेटिंग भुलाकर हम यह ध्यान रखते हैं कि हमारी सारी वोटें सलामत रहें, जातीय समीकरण बिगड़ें नहीं। उदाहरणतया पारदर्शिता के अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने गुरुओं को ईमानदारी के पैमाने पर मनमाने अंक दिए हैं। हम क्यूं खाएं उनका बेस्वाद आकलन। उन्हें पता होना चाहिए कि हमें पसंद नहीं आएगा, स्वीकारेंगे नहीं तो ऐसा आकलन किया ही क्यूं। ज्ञानी हैं हम, इस बारे हम दो क्या तीन राय भी नहीं रखते। इस बारे दिलचस्प परिचर्चा हो सकती है कि नैतिक मूल्य सिखाए जा सकते हैं या नहीं। हमारे यहां नैतिकता एक



पवित्र संस्था के रूप में स्थापित है इसलिए नैतिकता क्या किसी भी किस्म के मूल्य सिखाए जा सकते हैं। पेट से तो कोई भी सीख कर नहीं आता।

हमारी सैटिंग, बैटिंग और रेटिंग इतनी अनुभवी होती है कि हमने कूड़ा कचरा प्रबंधन बेहतर तरीके से सीखने के लिए, दर्जनों लोगों की टीम को हजारों किलोमीटर दूर भेजा अब यह तो बदतमीज कूड़ा कचरा शातिर है कि काबू में नहीं आता। वर्तमान युग के परिवेश में भ्रष्टाचार, बेईमानी, दुष्टता व धूर्तता के कारण थोड़ी बहुत परेशानी तो है लेकिन हमारी सैटिंग कहीं कोई फर्क पड़ने नहीं देती, हम मानकर चलते हैं कि बैटिंग ठीक चल रही है इसलिए कोई दूसरा हमारे कामकाज की रेटिंग क्यूं करे। वैसे वास्तव में हम हमेशा चाहते हैं कि हमारी रेटिंग कोई जरूर करे लेकिन आंख मींच कर सौ में से दो सौ नंबर दे। यहां यह सवाल प्रवेश करता है क्या त्रेतायुग में रावण नहीं था। क्या वे अपने बारे में किसी भी तरह की रेटिंग की परवाह करते थे। हर युग का कठोर सत्य यही है इसलिए अपनी सैटिंग बैटिंग रेटिंग का प्रबंधन खुद करते रहना चाहिए करिए यही सुखी रहने का सूत्र है।

केशव प्रसाद मौर्य के आगमन की तैयारियों की समीक्षा बैठक

डीएम, एसपी ने हेलीपैड, बैठक कक्ष का किया स्थलीय निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



मैनपुरी। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के 26 अक्टूबर को जनपद भ्रमण एवं संकिसा स्थित वाईबीएस सेन्टर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस समारोह में प्रतिभाग करने, विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण कर जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने हेलीपैड, पहुंच मार्ग, सेफ हाउस, बैठक कक्ष, भोजन कक्ष तथा मुख्य सभा स्थल का जायजा लिया।

उन्होने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लोक निर्माण विभाग, विद्युत, राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर युद्धस्तर पर तैयारियां पूर्ण करें, उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि राजघाट संकिसा के निकट निर्धारित हेलीपैड का निर्माण कार्य मानक एवं सुरक्षा मानकों के अनुसार 25 अक्टूबर की सायं तक हर हाल में पूर्ण करायें, हेलीपैड से लेकर मुख्य कार्यक्रम स्थल तक के संपर्क मार्गों को पूरी तरह गड्ढामुक्त, समतल बनाया जाए ताकि वाहनों का आवागमन निर्बाध गति से हो सके। उन्होने वाईबीएस सेन्टर परिसर में स्थापित किए जाने वाले वीआईपी सेफ हाउस, विभागीय समीक्षा बैठक कक्ष तथा विशिष्ट अतिथियों के भोजन कक्ष का मुआयना किया। श्री त्रिपाठी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यक्रम अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायें, मंच पर विद्युत सुरक्षा की समय से जॉच की जाये। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी बेवर को निर्देश दिए कि आयोजन स्थल, बौद्ध विहार के आसपास तथा संपर्क मार्गों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती की जाए।

प्रस्तावित पुलिस चौकी का किया निरीक्षण

डीएम, एसपी ने जसराजपुर तिराहे पर प्रस्तावित पुलिस चौकी का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, अपराध नियंत्रण तथा महत्वपूर्ण चौराहों पर 24 घंटे सुरक्षा निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संकिसा क्षेत्र में प्रस्तावित नई पुलिस चौकी के निर्माण कार्य हेतु 10 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी भोगांव, प्रभारी निरीक्षक भोगांव, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण आदि उपस्थित रहे।

जसराजपुर में अभिधम्म महोत्सव की तैयारियां हुई तेज

डीएम, एसपी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा, 26-27 को आयोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



भोगांव/मैनपुरी। भगवान बुद्ध की अभिधम्म स्थली संकिसा के निकटवर्ती मैनपुरी जनपद की बौद्ध तीर्थ स्थली जसराजपुर के वाई बी एस सेंटर पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय अभिधम्म महोत्सव (26 और 27 अक्टूबर) की तैयारियां जोरों पर हैं। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

शनिवार को जिलाधिकारी इन्द्रमणि त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक गणेश साहा ने कार्यक्रम स्थल का औचक जायजा लिया और अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए। कार्यक्रम संयोजक सुरेश बौद्ध ने बताया कि 26 अक्टूबर को आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि पधारेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगभग 5 हजार लोगों के बैठने की क्षमता वाले पंडाल की व्यवस्था की जा रही है।

सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

जिला प्रशासन के अधिकारियों ने हेलीपैड, मीटिंग प्लेस, पंडाल और भोजनालय का निरीक्षण किया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया है, वॉलिंटियर्स नियंत्रण का कार्य आलोक कुमार और आलोक दीप को प्रभार सौंपा गया है। पंडाल, साउंड और लाइट के कार्य अखिलेश कुमार शाक्य और भूरे इस व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यह दो दिवसीय आयोजन इंटरनल बुद्धिस्ट फोरम, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान (लखनऊ) और यूथ बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के संयुक्त प्रयासों से संपन्न हो रहा है, जिसमें विभिन्न स्थानों से आए वॉलिंटियर्स अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

किशोर अपने शौक पूरे करने को कर रहा था बाइकों की चोरी

कई वारदात कबूली, पुलिस ने गिरफ्तार करके बाल सुधार गृह भेजा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

बिछवां/मैनपुरी। चोरी और लूट की घटना को अंजाम देने वाले एक नाबालिग बाल अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग को बाल सुधार गृह भेज दिया है। नाबालिग घर से खर्च न मिलने के कारण चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से एक चोरी की बाइक व नकदी बरामद की है।

बिछवां थाने में तैनात उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह भनऊ मार्ग पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर में सूचना दी एक चोरी की बाइक को बेचने के लिए एक किशोर आ रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और उसे पकड़ लिया। वह बाइक के कागजात नहीं दिखा पाया। किशोर ने पुलिस को बताया कि वह बाइक को 10 अक्तूबर को सहारा पेट्रोल पंप के समीप से अपने दोस्तों के साथ मिलकर चोरी करके लाया था। वहीं उसने 12 अक्तूबर को भोगांव से भी एक बाइक चोरी की थी। वहीं अपने दो साथी के साथ मिलकर 15 अक्तूबर को इमादपुर हन्नूखेड़ा के समीप से लूट की थी, जिसमें 10 हजार रुपये भी लूटे थे। उसके हिस्से में 3000 रुपये आए थे। जिसमें से उसके पास खर्च कर लिए 1550 रुपये ही बचे थे। बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर शौक मौज करने के लिए चोरी व लूट की घटनाओं को अंजाम देता है। पुलिस ने कागजी कार्रवाई के बाद बाल अपराधी होने के कारण उसे बाल सुधार गृह भेजा है।

दर्जन से अधिक आकर्षक झांकियो के साथ निकली राम बारात

समाजसेवी ने प्रभु राम की आरती उतार किया बारात का शुभारंभ

मोर्निंग सिटी संवाददाता



मैनपुरी/एलाऊ। विकास खंड जागीर क्षेत्र के गांव अजीतगंज में चल रही पंद्रह दिवसीय 113वीं रात्रि रामलीला महोत्सव में शुक्रवार रात मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की बारात निकाली गई। श्रीराम बारात में एक दर्जन से अधिक आकर्षक झांकियां शोभा बढ़ा रही थी। श्री राम बारात का शुभारंभ एनके ग्रुप के चेयरमैन समाजसेवी अजय कुमार यादव ने मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की आरती उतार कर किया।

रामलीला मैदान से शुरू हुई राम बारात अजीतगंज एवं रम्पुरा की गलियों में भ्रमण करते हुए वापस रामलीला मैदान में पहुंच कर संपन्न हुई। बारात में शामिल एक दर्जन से अधिक झांकियों में भगवान शंकर माता पार्वती, राधा कृष्ण की झांकी के साथ मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम एवं लक्ष्मण जी का मुख्य विमान एवं अन्य विमान पर राजा दशरथ, भरत शत्रुघ्न, कुल गुरु वशिष्ठ, भगवान विष्णु,देवराज इन्द्र आदि की झांकियां बारात की शोभा बढ़ा रही थी। बारात में शामिल चार डीजे साउंड पर हजारों की संख्या में युवा नाचते हुए चल रहे थे। राम बारात देखने के लिए गांव की गलियों में, चबूतरों पर,घर की छतों पर महिलाएं मौजूद थी। जगह जगह श्रद्धालुओं द्वारा भगवान की आरती उतार स्वागत किया गया।

इस दौरान अजय कुमार यादव, स्वदेश शास्त्री, आदित्य मिश्रा कुन्नू, डॉ नरेंद्र मिश्रा, रामचंद्र दुबे, धर्मेंद्र मिश्रा, बबलू अग्निहोत्री, दीपू मिश्रा, शोभित दुबे, राम सेवक इलाही, पंकज अग्निहोत्री आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम प्रभारी दिगेंद्र मिश्रा मीतू ने बताया रविवार को दशरथ मरण, भरत मिलाप लीला का मंचन किया जायेगा।

सड़क हादसे में गंभीर घायल प्रधानाध्यापक की मौत

गांव में शोक का माहौल, पत्नी का चल रहा उपचार

मोर्निंग सिटी संवाददाता



कुरावली/मैनपुरी। थाना क्षेत्र के गांव महादेवा निवासी एक दंपति आगरा से वापस लौटते समय घिरोर मार्ग पर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए थें। घायल पति की शनिवार सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई व पत्नी का उपचार चल रहा है।

थाना क्षेत्र के गांव महादेवा निवासी आनंदपाल सिंह यादव पुत्र सुखराम सिंह बीते शुक्रवार को आगरा के निजी हॉस्पिटल में भर्ती विवाहिता प्रसूता पुत्री को देखकर स्कूटी द्वारा पत्नी रामलली के साथ घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह थाना औछा क्षेत्र के मधन स्थित घिरोर मार्ग पर पहुंचे, तभी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में दोनों को सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां शनिवार की सुबह आनंदपाल की हालत बिगड़ गई और उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। घायल पत्नी का उपचार सैफई मेडिकल कॉलेज में जारी है। मृतक प्राथमिक विद्यालय भानपुर में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

अध्यापक की मौत की खबर जैसे ही उनके गांव महादेवा में पहुंची, गांव में शोक का माहौल व्याप्त हो गया, उनके आवास पर परिजनो का रो रोकर बुरा हाल था, उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालो की भीड़ लगी हुई थी, सूचना मिलते ही क्षेत्र के शिक्षक भी शोक संवेदना व्यक्त करने उनके आवास पर पहुंच रहे थे।

कुरावली के मिष्ठान भंडार पर बेची जाती है नकली दूषित मिठाई

मिष्ठान भंडार पर मिठाई के नाम पर बेचा जा रहा है मीठा जहर

मोर्निंग सिटी संवाददाता

मैनपुरी। कुरावली कस्वा के जीटी रोड पुरानी लहसुन मंडी में बाईपास रोड के सामने एक मिष्ठान भंडार की दुकान पर नकली मिलावटी मिठाई बेचने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। नगर के बिशेष सूत्र बताते है कि दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही इस दुकान पर नकली मिलावटी मिठाई की बड़े पैमाने पर बिक्री शुरू हो गई है।

दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही मिष्ठान की मांग अचानक बढ़ जाती है। लेकिन अन्य मिष्ठान भंडार की दुकानों से सस्ती मिठाई बेचने के कारण पुरानी लहसुन मंडी बाईपास रोड के सामने स्थित मिष्ठान भंडार की दुकान पर नकली मिठाई बेचकर सस्ती बेचने में अपने आप को और दुकानदारो से आगे रखा जा रहा है। लेकिन कुरावली क्षेत्र के लोगो को मालूम होना चाहिए यहां मिठाई की जगह पर मीठा जहर बेचा जा रहा है। नकली मिलावटी मिठाई लोगो के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही घातक है। इसका सेवन करने का मतलब बीमारियों को बुलावा देना है।



नकली दूषित मिठाई की जोरों पर बिक्री

दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही मिठाई की बिक्री की मांग बढ़ने के साथ ही नकली दूषित मिठाई की बिक्री ने भी जोर पकड़ लिया है। कुरावली में जगह जगह पर खुली मिष्ठान भंडार की दुकानों पर दूषित मिलावटी नकली मिठाई बेची जा रही है। दूषित मिठाई की बिक्री घिरोर रोड, सदर बाजार में घुसते ही ही जीटी रोड पर, सदरबाजार सहित अन्य जगहो पर दूषित मिठाई बेची जा रही है।

खाद्य विभाग ने भारी मात्रा में नष्ट कराई थी मिठाई

इस दुकान पर नकली मिठाई बेचने के मामले में किसी प्रमाण की जरुरत नहीं हैं, इस दुकान पर कुछ माह पूर्व खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा पहली बार छापा मारा गया तब 55 किलो दूषित मिठाई नष्ट कराई गई, इसके ठीक तीन माह बाद जब दोवारा छापा मारा गया तब एक कुतंल 20 किलो दूषित मिठाई नष्ट कराई गई, जिससे साफ होता है कि यहां हर समय दूषित मिठाई ही बेची जाती है।

क्या बोले मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी

कुरावली में नकली दूषित मिठाई बेचने की जानकारी नहीं हैं, अगर नकली मिठाई बेची जा रही है तो जल्द ही खाद्य विभाग की टीम द्वारा अभियान चलाकर नकली दूषित मिठाई बेचने वालो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, छापेमारी के दौरान दूषिम मिठाई नष्ट कराने के साथ ही बेचने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- अतुल कुमार पाठक, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मैनपुरी।

मोबाइल पर बात करते करते छत से गिरा युवक, मौत

मोर्निंग सिटी संवाददाता

मैनपुरी। शराब के नशे में मोबाइल पर बात करते समय एक युवक अचानक छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर जा रहे थे। तभी रास्ता में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया।

बरनाहल थाना क्षेत्र के ग्राम कैशोपुर निवासी 40 वर्षीय अनिल कुमार सक्सेना शराब के नशे में मकान की छत पर मोबाइल पर बात कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे जा गिरा। ऊंचाई से गिरने के कारण युवक के शरीर में गंभीर चोटें आई। आनन-फानन में परिजन उसे उपचार के लिए फिरोजाबाद ट्रामा सेंटर ले रहे थे। तभी रास्ता में उसकी हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। गमगीन माहौल में परिजनों ने अनिल कुमार का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना के बाद से परिवार में मातम पसरा हुआ है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

लापरवाही पर दो बीएलओ को चेतावनी, लेखपाल को नोटिस

मोर्निंग सिटी संवाददाता

भोगांव/मैनपुरी। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची से विलोपित मतदाताओं के सत्यापन के लिए आयोजित बूथ दिवस पर नेशनल इंटर कॉलेज भोगांव और प्राथमिक विद्यालय ललूपुर के बूथों का औचक निरीक्षण किया।

डीएम ने बीएलओ को एक सप्ताह के भीतर शत-प्रतिशत विलोपित मतदाताओं का सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्य में लापरवाही मिलने पर नेशनल इंटर कॉलेज भोगांव के बूथ संख्या-250 के बीएलओ नीरज दीक्षित और बूथ संख्या-251 के बीएलओ नरेंद्र सिंह को चेतावनी जारी करने तथा सुपरविजन में कोताही बरतने पर लेखपाल राहुल शुक्ला को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश तहसीलदार भोगांव को दिए गए। एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं से फॉर्म-6 भरवाकर उनके नाम सूची में शामिल कराने और त्रुटियों को दूर करने के लिए फॉर्म-8 भरवाने के भी निर्देश दिए।

धूमधाम से निकली शिव बारात, नगरवासी बने बाराती

चेयरमैन प्रतिनिधि व संत नारायण गुरु ने आरती करके किया शुभारंभ



मोर्निंग सिटी संवाददाता

किशनी/मैनपुरी। शनिवार को नगर में धूमधाम से शिव बारात निकाली गयी। रामलीला में भगवान के आकर्षक स्वरूपों ने मन मोह लिया। करीब दो दर्जन विशालकाय रथों पर सवार भगवान के स्वरूपों की झांकियों से सजी बारात ने पूरे नगर का भ्रमण किया।

शाम 5 बजे चेयरमैन प्रतिनिधि डैनी यादव, संत नारायण गुरु व भाजपा नेता रमाशंकर तिवारी ने संयुक्त रूप से भगवान शिव की आरती कर बारात को रवाना कराया। उन्होंने भगवान शंकर की आरती कर आशीर्वाद लिया।

शिव बारात सदर बाजार, हवेली, रामनगर तिराहा, बाईपास, रोडवेज बस स्टैंड नगर, प्राइवेट बस स्टैंड में भ्रमण करती हुई वापस रामलीला ग्राउंड में आकर समाप्त हुई। इस मौके व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता, पूर्व चेयरमैन अनिल मिश्रा, गोविंद चौहान, मुकुल यादव, बलराम श्रीवास्तव, राजीव गुप्ता, सुखदेव तोमर, नीरज पांडे, घासीराम शाक्य, सुखदेव तोमर, पंकज चौहान, रमाकान्त मिश्रा, अमित तिवारी, राजा दुबे, देवेंद्र श्रीवास्तव, रानू गुप्ता, सौरभ गुप्ता, उमंग गुप्ता, भरत गुप्ता, शाश्वत चौहान, बॉबी भदौरिया, सोनू चक, राघव चौहान, रमाकान्त गुप्ता, चुनमुन तिवारी, मंगल रावत, रवि चौहान, शायल कुमार, अमित कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। थानाध्यक्ष गगन कुमार गौड़ के साथ बारात की सुरक्षा में भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों पर होगी कार्रवाई

मोर्निंग सिटी संवाददाता, भोगांव/मैनपुरी। डीएम डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के साथ थाना भोगांव में आयोजित थाना समाधान दिवस में जन-शिकायतें सुनीं। डीएम ने निर्देश दिए कि शिकायतों पर उसी दिन पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर भेजी जाए। टीम की रवानगी और वापसी का ब्यौरा थाने की जीडी में दर्ज हो। पैमाइश व कब्जा हटवाने के बाद दोनों पक्षों और दो स्थानीय गवाहों के हस्ताक्षर कराए जाएं। डीएम ने स्पष्ट किया कि पुनः विवाद करने वालों के खिलाफ भारी मुचलका व सुसंगत धाराओं में सख्त कार्रवाई की जाए। सार्वजनिक भूमि जैसे चकरोड, विद्यालय, खलिहान, चारागाह व तालाब पर अवैध कब्जा कतई बर्दाश्त नहीं होगा। समाधान दिवस में जसराम (बनहार), धुव सिंह (आलीपुर पट्टी), रामवीर वाल्मीकि व अनूप सिंह (जमैयतगंज), सुखराम व अन्य (मक्खनपुर), अनार सिंह (नगला दीपा), मार्गश्री (मिजार्पुर), सूरजपाल (जसवंतपुर), जगदीश सिंह (मिसौरा) तथा विपिन कुमार (तुल्जापुर) ने मेढ़ तोड़ने, अवैध निर्माण और कब्जे से संबंधित प्रार्थना पत्र सौंपे।

किशोरी से छेडछाड़ की रिपोर्ट दर्ज

मोर्निंग सिटी संवाददाता, भोगांव/मैनपुरी। विगत दिनो घर मे घुसकर किशोरी से छेडखानी करने बाले युवक कें विरूद्ध पुलिस ने दों सप्ताह बाद अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुये बताया विगत 8 अक्टूबर को बह तथा उसका पति खेत पर काम करने गये थे घर पर उसकी 17 वर्षीय पुत्री अकेली थी तभी गांव का ही ध्रुव सिंह पुत्र रामकिशन राठौर उसके घर मे घुस आया और उसकी पुत्री को बुरी नियत से दवोच लिया तथा छेडखानी करने लगा, किशोरी के चीखने चिल्लाने पर युवक ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। घटना की जानकारी परिजनो को होने पर परिजन आरोपी के घर शिकायत करने गये तो आरोपी के परिजनों ने गाली गलौज करते हुये उसे भगा दिया।

शराब सहित युवक बन्दी

मोर्निंग सिटी संवाददाता, भोगांव/मैनपुरी। थाना पुलिस नें हजारो रुपए की कीमत की देशी शराब के दर्जनो बोतलो सहित एक युवक को बन्दी बनाकर जेल भेजा है। थाना प्रभारी निरीक्षक महाराज सिंह भाटी ने बताया कि क्षेत्र मे शराब माफियाओ के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत बीती रात्रि पुलिस ने गिहार कालौनी तिराहा के निकट से एक युवक को पकड लिया। पकडे गये युवक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 38 देशी शराब के पउआ बरामद किये जिसकी कीमत लगभग तीन हजार रुपए से ज्यादा है। पकडे गये युवक नें अपना नाम व पता लाखन सिंह पुत्र वीरसिंह मुहल्ला जगतनगर बताया।

पैट परीक्षा आज: 17 स्टैटिक, 17 सेक्टर मजिस्ट्रेट रखेंगे निगरानी

मोर्निंग सिटी संवाददाता, मैनपुरी। जनपद में पैट परीक्षा आज रविवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। इसके अलावा 30 अक्टूबर और एक नवंबर को भी पैट परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सभी 17 केंद्रों पर सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। जनपद में पैट परीक्षा के लिए 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों पर 43056 परीक्षार्थी परीक्षा देने आएंगे। परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए 17 स्टेटिक मजिस्ट्रेट और 17 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। डीएम डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी ने सभी सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा के दौरान पूरे समय केंद्रों पर ही मौजूद रहकर परीक्षा कराने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक दिन परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रत्येक पाली में 7176 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

मारपीट में गंभीर घायल की इलाज के दौरान सैफई में मौत

मोर्निंग सिटी संवाददाता, किशनी/मैनपुरी। थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़ौसी निवासी पीड़िता सारदा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 अक्टूबर 2026 की शाम लगभग 5 बजे गाँव में दुर्गा पूजा के तहत मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते गाँव के ही राम सिंह, धर्मवीर सिंह, महेंद्र सिंह, संतोष सिंह, पंकज सिंह, पवन सिंह और बोबी सिंह ने उनके पति अवधेश कुमार (पुत्र राज कुमार बाथम) को घेर लिया और लात-घूसों से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। गंभीर रूप से घायल अवधेश को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहाँ नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें मैनपुरी जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां से सैफई पीजीआई के लिए रेफर किया। परिजनों के मुताबिक, अंदरूनी और गहरी चोटें आने के कारण अवधेश की आंत और दिल पर गंभीर असर पड़ा था। 23 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक डॉक्टरों ने उनका बड़ा ऑपरेशन भी किया लेकिन तमाम प्रयासों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका।

बीज की ऑनलाइन करा लें बुकिंग, मिलेगा 50 प्रतिशत अनुदान

मोर्निंग सिटी संवाददाता, मैनपुरी। रबी की फसलों की बुवाई के लिए कृषि विभाग ने किसानों को ऑनलाइन बीज बुकिंग की सुविधा दी है। किसान विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण कर गेहूं, सरसों, मटर, चना और मसूर के बीज की बुकिंग कर सकते हैं। किसानों को बीज पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। जिले में इस बार 13510 कुंतल गेहूं के बीज वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके सापेक्ष अब तक किसानों ने 1835.6 कुंतल बीज की बुकिंग कराई है। अभी 11674 कुंतल गेहूं के बीज की बुकिंग होना शेष है। गेहूं की विभिन्न प्रजातियों के बीज उपलब्ध हैं। किसान अपनी जरूरत और खेत के अनुसार प्रजाति का चयन कर सकते हैं। इसी तरह सरसों के 44 कुंतल बीज वितरण का लक्ष्य मिला है। अब तक 15 किसानों ने 1.31 कुंतल बीज की बुकिंग कराई है, जबकि 42.69 कुंतल बीज की बुकिंग बाकी है।

घर मे घुसकर की मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

मोर्निंग सिटी संवाददाता, किशनी/मैनपुरी। थाना क्षेत्र के गांव पीतम नगरिया निवासी मीरा देवी पत्नी राजू कठेरिया ने थाने में शिकायत की है कि उनके गांव के मेघ सिंह पुत्र मेवाराम व जहांन सिंह, बलबीर सिंह व झम्मन सिंह, अतेंद्र पुत्रगण मेघ सिंह ने पुरानी रंजिश के चलते दिनांक 21 सितंबर समय करीब रात 8:30 बजे उनके घर में घुसकर गालियां देकर उन्हें लात घुसो लाठी डंडों से मारपीट की जिससे उनके काफी गंभीर चोट आई हैं। उनके पति राजू बाहर रहते हैं वह घर पर अकेली रहती हैं शोरगुल होने पर गांव के लोगों ने बचाया है। पीड़िता का आरोप है की उक्त लोग जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पांच नामजद में विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान, डीएम ने किया निरीक्षण

सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदेय स्थलों पर लगे शिविर, युवा मतदाताओं के पंजीकरण पर जोर



मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। जिले में विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान के तहत शनिवार को सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदेय स्थलों पर शिविर आयोजित किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कुमार ने मैरिस रोड स्थित चिल्ड्रेन एकेडमी में चल रहे पंजीकरण और मतदाता सूची के सत्यापन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथ स्तरीय अधिकारियों को पात्र नागरिकों, विशेषकर युवा मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ के कार्यों का जायजा लिया और मतदाता सूची को अद्यतन बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अभियान का उद्देश्य किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से छूटने न देना है। इसके लिए नए मतदाताओं का पंजीकरण कराने के साथ ही पहले से तैयार मतदाता सूची का दोबारा सत्यापन किया जा रहा है।चिल्ड्रेन एकेडमी में बूथ संख्या 50 से 58 तक बीएलओ पंजीकरण और सत्यापन कार्य करते मिले। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा पात्र नागरिकों को आवेदन प्रक्रिया की जानकारी देने के निर्देश दिए।

12 नवंबर से भी मिलेगा आवेदन का अवसर

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान बीएलओ को आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध कराने के साथ प्रशिक्षण भी दिया गया है। आमजन को जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने पात्र नागरिकों से अपील की कि वे मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचें। यदि नाम दर्ज नहीं है तो निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करें। उन्होंने बताया कि 12 नवंबर से शुरू होने वाले विशेष अभियान के दौरान भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकेंगे।

ईआरओ और एईआरओ ने भी देखीं व्यवस्थाएं

निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिले की सभी विधानसभाओं में विशेष शिविर लगाए गए। इन शिविरों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान नाम दर्ज होने से छूटे पात्र नागरिकों और पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं से आवेदन प्राप्त किए गए। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने भी विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर पुनरीक्षण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आरएमपीएसयू में नशा मुक्त युवा विषय पर युवा संसद आयोजित

युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति किया जागरूक, नशामुक्ति की दिलाई शपथ

मोर्निंग सिटी संवाददाता



अलीगढ़। राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के सभागार में मेरा युवा भारत के तत्वावधान में नशा मुक्त युवा विषय पर ब्लॉक स्तरीय पड़ोस युवा संसद 2026-27 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और नशामुक्त समाज के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने नशामुक्ति विषय पर नारे लिखकर अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया और युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं मुख्य अतिथि प्रबुद्ध सिंह ने नशामुक्त भारत अभियान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने युवाओं को नशे से होने वाले नुकसान के प्रति सजग रहने की अपील करते हुए कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। उन्होंने आयोजन के लिए स्वयंसेवकों और आयोजकों को बधाई देते हुए उनकी भागीदारी की सराहना की।जिला युवा अधिकारी सोनाली नेगी के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों को कार्यक्रम के उद्देश्य तथा माय भारत पोर्टल पर संचालित गतिविधियों की जानकारी दी गई। इस दौरान उपस्थित युवाओं को नशे से दूर रहने और समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम के अंत में प्रबुद्ध सिंह को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. तहसीन मंडल ने की। इस अवसर पर कुशाग्र कुलश्रेष्ठ, डॉ. बेंजिर, डॉ. शिग्धा पांडेय, डॉ. रवेंद्र कुमार तथा राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक यथार्थ सैनी और हिमांशी सैनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

साइबर ठगी पर लगाम लगाने के लिए आगरा पुलिस की समीक्षा बैठक

आगरा। साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और ठगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए आगरा पुलिस ने अपनी कार्यप्रणाली की समीक्षा की। शनिवार को पुलिस लाइन स्थित प्रशांत मेमोरियल हॉल में अपर पुलिस आयुक्त सचिन्द्र पटेल ने साइबर क्राइम थाना और साइबर सेल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें लंबित शिकायतों के निस्तारण, दर्ज मामलों की प्रगति और साइबर ठगी में गई रकम की बरामदगी को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार के निर्देशन में आयोजित बैठक में पुलिस उपायुक्त पश्चिमी एवं साइबर क्राइम आदित्य सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में साइबर अपराधों की रोकथाम से लेकर पीड़ितों को राहत दिलाने तक की कार्रवाई की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ितों को अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। समीक्षा बैठक में साइबर ठगी से संबंधित धनराशि की बरामदगी को प्रमुखता से उठाया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ऐसे मामलों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को जल्द से जल्द राहत दिलाने का प्रयास किया जाए। साइबर अपराधियों के खिलाफ प्रभावी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के साथ दर्ज मामलों की जांच में तेजी लाने पर भी जोर दिया गया संसाधनों के इस्ते। अपर पुलिस आयुक्त ने साइबर अपराधों की जांच में तकनीकी संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और विभिन्न स्तरों पर आपसी समन्वय मजबूत बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बीट स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने को कहा गया, ताकि आमजन को साइबर ठगी के तरीकों और उनसे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया जा सके। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए त्वरित कार्रवाई के साथ जनजागरूकता भी जरूरी है। आगरा पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने, शिकायतों के निस्तारण और लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की प्रतिबद्धता दोहराई। हालांकि, समीक्षा बैठक में लंबित शिकायतों की कुल संख्या, बरामद कराई गई धनराशि और कार्रवाई के ठोस आंकड़े जारी नहीं किए गए। ऐसे में इन निदेर्शों का जमीनी स्तर पर कितना असर पड़ता है, यह आने वाले समय में कार्रवाई के परिणामों से स्पष्ट होगा।



आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर डिवाइडर तोड़कर पलटी कार, एक की मौत; चालक घायल



आगरा। आगरा - लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी ओर पहुंच गई और पलट गई। थाना फतेहाबाद क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 26+800 के पास हुए हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चालक घायल हो गया। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से हटवाया गया। पुलिस के अनुसार, हरियाणा नंबर की कार (एचआर 26 डीए 8670) को भास्कर पुत्र मनोरथ सिंह निवासी बिनोद नगर, दिल्ली चला रहा था। कार में शैलेष पुत्र स्वर्गीय फगुनी महतो भी सवार थे। दोनों दिल्ली से बिहार जा रहे थे। शुक्रवार देर रात फतेहाबाद क्षेत्र में कार अचानक अनियंत्रित हो गई। बताया गया है कि चालक को नींद आने और तेज रफ्तार के कारण वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा। कार बीच के डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी ओर पहुंची और पलट गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में आगे बैठे शैलेष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक भास्कर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची टोल-27 की एंबुलेंस से घायल चालक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फतेहाबाद भेजा गया। मृतक के शव को आवश्यक पुलिस कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए आगरा भेज दिया गया। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है और चालक घायल हुआ है। दुर्घटनाग्रस्त कार को क्रेन की मदद से थाने पहुंचाया गया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

कमला देवी इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम, छात्राओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

फिरोजाबाद। कमला देवी इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति प्रभारी अलका रानी ने छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, सम्मान और पुलिस हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान अलका रानी ने बच्चों से पुलिस के विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में सवाल पूछे और जानकारी ली कि कौन सा नंबर किस काम में आता है। छात्र-छात्राओं ने भी सवालों के जवाब देकर अपनी जागरूकता का परिचय दिया। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए जारी हेल्पलाइन नंबरों के महत्व को समझा। अलका रानी ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस की मदद लेने के लिए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी होना बेहद जरूरी है।

अलीगढ़ में 400 इंद्र-इंद्राणियों की सहभागिता से होगा महामंडल विधान



26 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा पर धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और बग्घी यात्रा रहेगी आकर्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। जैन संत आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के अवतरण दिवस पर 26 अक्टूबर को खिरनी गेट स्थित श्री लखमीचंद पांड्या खंडेलवाल दिगंबर जैन ट्रस्ट, आगरा रोड पर आचार्य विद्यासागर महामंडल विधान एवं धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। उपाध्याय मुनि श्री 108 शिवदत्त सागर जी महाराज के सान्निध्य में होने वाले इस आयोजन में पहली बार लगभग 400 इंद्र-इंद्राणियां विधान में शामिल होंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 6:30 बजे अभिषेक, शांतिधारा और महामंडल विधान से होगा। सुबह 8:15 बजे मुनि श्री के प्रवचन, दोपहर 1:30 बजे नृत्य-नाटिका और शाम 6 बजे 108 दीपकों से आरती तथा भगवान नेमीनाथ के वैराग्य पर आधारित नाटक का मंचन होगा।विधान के बाद बाग वाले मंदिर से मुख्य पात्रों की बग्घी यात्रा निकाली जाएगी, जो बड़े मंदिर में दर्शन के बाद वापस लौटेगी।

आयोजन में शामिल श्रद्धालु हस्तकरघा निर्मित वस्त्र पहनकर धार्मिक क्रियाएं संपन्न करेंगे।आयोजन की जानकारी प्रद्युम्न कुमार जैन, मुनेश जैन, राजीव जैन, नरेंद्र कुमार जैन और मयंक जैन ने दी। आयोजक मुनि सेवा समिति ने सकल जैन समाज से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है।

विक्रांत गर्ग बने ब्रज क्षेत्र भाजपा सोशल मीडिया विभाग के सह-संयोजक

मोर्निंग सिटी संवाददाता



अलीगढ़। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने बी दास कंपाउंड निवासी विक्रांत गर्ग को ब्रज क्षेत्र के सोशल मीडिया विभाग में सह-संयोजक नियुक्त किया है। 22 अक्टूबर 2026 को प्रदेश अध्यक्ष पंकज चैधरी की ओर से जारी सूची में उनके नाम की घोषणा की गई।विक्रांत गर्ग वर्ष 2012 में भाजपा के सक्रिय सदस्य बने थे। वर्ष 2013 में तत्कालीन अध्यक्ष दीपक मित्तल ने उन्हें जल प्रबंधन प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया था। इसके बाद वर्ष 2016 से 2024 तक उन्होंने महानगर में सूचना प्रौद्योगिकी संयोजक की जिम्मेदारी निभाई। वर्तमान में वह महानगर कार्यकारिणी के सदस्य हैं। विक्रांत गर्ग ने पार्टी के नमो ऐप और सरल ऐप से कार्यकर्ताओं को जोड़ने में भी भूमिका निभाई। उनके संयोजन में महानगर के हजारों कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यमों से जोड़ा गया।

कोरोना काल में जब लोग घरों में थे, तब प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर उन्होंने वीडियो बैठक के माध्यम से कार्यकर्ताओं से संवाद बनाए रखने और संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में योगदान दिया।इसके अलावा उन्होंने पन्ना प्रमुख, वार्ड संयोजक, वार्ड प्रभारी, सेक्टर प्रभारी और सेक्टर संयोजक सहित विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन किया है। उनकी नियुक्ति की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने प्रसन्नता जताई।

महर्षि वाल्मीकि महोत्सव समिति ने महिला अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

31 अक्टूबर को रामलीला मैदान में होगा भव्य महोत्सव, फिल्म और धारावाहिक कलाकार सानंद वर्मा व किशोर भानुशाली होंगे शामिल

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। भगवान महर्षि वाल्मीकि के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को आयोजित होने वाले महोत्सव के तहत महर्षि वाल्मीकि महोत्सव समिति की ओर से सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत दूसरे कार्यक्रम में महिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गए। कार्यक्रम संस्थापक संयोजक संदेश राज के नेतृत्व में आयोजित हुआ।इस दौरान मेला अध्यक्ष बलराम सहाय, स्वागत समिति अध्यक्ष मानव महाजन, कार्यवाहक अध्यक्ष सुनील चंदेल, मेला सीएमएस डॉ. तैयब जी, महामंत्री कुणाल विवेकी, महानगर समिति अध्यक्ष गुरबख्श सिंह, धीरज चैहान, हरदीप बंटी, दीपक माहौर, प्रदेश अध्यक्ष स्नेहा शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिका सिंह, जिला प्रभारी डॉ. लक्ष्मी, प्रतियोगिता प्रमुख रेनुका हवलानी, दीप्ति उपाध्याय, एकता ठाकुर और कीर्ति चावला सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने मरीजों को फल वितरित किए और एक-दूसरे का स्वागत किया।

मानव महाजन ने कहा कि समिति का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा करना और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करना है। संस्थापक संयोजक संदेश राज ने बताया कि सर्वसमाज की सहभागिता से 31 अक्टूबर, शनिवार को शाम चार बजे रामलीला मैदान में भव्य महोत्सव आयोजित होगा। इसमें मुंबई के फिल्म और धारावाहिक कलाकार सानंद वर्मा तथा किशोर भानुशाली शामिल होंगे। आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी होंगी।

मां भगवती के 51वें जागरण पर उमड़ा आस्था का सैलाब विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद



आगरा। बालूगंज पुलिस चौकी के पास मां भगवती के 51वें जागरण के पावन अवसर पर भक्ति, श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। बालूगंज बाजार कमेटी की ओर से आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में मां भगवती की आराधना के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे क्षेत्र में माता रानी के जयकारे गूंजते रहे और वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन के साथ हुआ। इसके बाद मां भगवती की आराधना की गई। जागरण के 51वें आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। मां के दरबार को आकर्षक फूलों से सजाया गया था। मैया के दिव्य एवं मनमोहक स्वरूप के दर्शन कर भक्त भावविभोर हो उठे। श्रद्धालुओं ने माता रानी के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। धार्मिक आयोजन के अंतर्गत बालूगंज बाजार कमेटी की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में सेवादारों ने भक्तों को प्रसाद वितरित कर सेवा और समर्पण की मिसाल पेश की। भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया।

आयोजन ने धार्मिक आस्था के साथ आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का संदेश भी दिया। कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र दीक्षित रिंकू ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने और आपसी प्रेम एवं सद्भाव को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे कार्यक्रमों से लोगों को एक मंच पर आने का अवसर मिलता है। साथ ही नई पीढ़ी अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ती है। उन्होंने मां भगवती से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। मां भगवती के 51वें जागरण के अवसर पर श्रद्धालुओं ने माता रानी से शहर की खुशहाली और सभी के परिवारों की उन्नति की कामना की। आयोजन में धार्मिक उल्लास के साथ सेवा भाव और सामाजिक एकता की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में मां वैष्णो धाम, फिरोजाबाद के संस्थापक सुरेश कन्हैयानी, अध्यक्ष कमलकांत अग्रवाल, समाजसेवी श्याम भोजवानी, कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र दीक्षित रिंकू, संजीव गुप्ता, मुकेश खंडेलवाल, गोपाल सोलंकी, अनिकेत गुप्ता, वीर कश्यप, रितिक कश्यप, संजय खंडेलवाल, इंद्र मोहन राठी, एडवोकेट अभिषेक गुप्ता, एडवोकेट युवराज सोलंकी, अंशुल सोलंकी, अमन सिंह, आदित्य गुप्ता, अंश दीक्षित, अर्पित दीक्षित, संजय अग्रवाल सहित अन्य श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

माता की चैकी में बरसा भक्ति रस, डांडिया पर झूमे श्रद्धालु

दीपक लक्खा और कीर्ति कौशिक के भजनों ने बांधा समां, अतिथियों ने की पूजा-अर्चना

मोर्निंग सिटी संवाददाता



अलीगढ़। श्री नवदुर्गा महोत्सव सेवा समिति की ओर से श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय के क्रीड़ास्थल पर आयोजित माता की चैकी एवं गरबा-डांडिया कार्यक्रम में भक्ति और उत्साह का संगम देखने को मिला। चंडीगढ़ से आए भजन गायक दीपक लक्खा और कीर्ति कौशिक ने माता की भेंटें प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्तिरस में सराबोर रखा। वहीं, युवाओं ने गरबा और डांडिया में उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य यजमान सुनील अग्रवाल, सुभाष गुप्ता, विष्णु भैया सहित अतिथियों ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर किया।

राज्य मंत्री रघुराज सिंह, महापौर प्रशांत सिंघल, शहर विधायक मुक्ता संजीव राजा, कोल विधायक अनिल पाराशर, मानवेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष इंजीनियर राजीव शर्मा और डॉ. राजीव अग्रवाल सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। श्री वार्ष्णेय मंदिर के महंत पंडित मनोज मिश्रा एवं आचार्य सौरभ शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया। भजन गायिका कीर्ति कौशिक और गायक दीपक लक्खा की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु झूम उठे। समिति के संस्थापक संयोजक संजीव वार्ष्णेय वैभव, अध्यक्ष कृष्ण कुमार वार्ष्णेय सीतू, महामंत्री संदीप कुमार घी, कोषाध्यक्ष गौरव गुप्ता सहित पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में राजीव गुप्ता लीडर, निवर्तमान कांग्रेस जिला कोऑर्डिनेटर, और अधिवक्ता यतिन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मनीष कश्यप बने विकासशील इंसान पार्टी के जिला महासचिव

फिरोजाबाद। मक्खनपुर के मोहम्मदपुर नवादा में विकासशील इंसान पार्टी की बैठक जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह निषाद की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. डीआर वर्मा रहे। बैठक में मनीष कश्यप को पार्टी का जिला महासचिव बनाया गया। डॉ. डीआर वर्मा ने कहा कि निषाद, कश्यप, धीमर, साहनी, बिंद, मल्लाह, मझवार और अन्य संबंधित समुदायों को सामाजिक न्याय दिलाने के उद्देश्य से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मुकेश साहनी ने उत्तर प्रदेश में संकल्प यात्राएं शुरू की हैं। बैठक में उपस्थित महिलाओं, पुरुषों और युवाओं को गंगाजल हाथ में लेकर शपथ दिलाई गई कि यदि वर्ष 2027 से पहले मझवार आरक्षण की मांग पूरी नहीं हुई तो वे भाजपा को वोट नहीं देंगे। यह शपथ जिला प्रवक्ता सत्यवान वर्मा एडवोकेट ने दिलाई। कार्यक्रम का संचालन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिमोहन निषाद ने किया। इस दौरान एवरन सिंह निषाद, विनोद निषाद, राम भरोसी लाल कश्यप और बारे लाल कश्यप सहित अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किए। आयोजकों के अनुसार, बैठक में सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद रहे। इसके बाद नगला भौला में भी सभा आयोजित कर लोगों को संकल्प दिलाया गया।



छोटी खबरें

विकास भवन में लिफ्ट लगाने की कवायद तेज



मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस। विकास भवन की तीन मंजिला इमारत में दिव्यांगजनों और वृद्धजनों की सुविधा के लिए लिफ्ट लगाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। मुख्य प्राविधिक परीक्षक, टीएसी, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश ने 22 अक्टूबर को सीडीओ हाथरस को अनुस्मारक भेजकर सक्षम स्तर से हस्ताक्षरित प्रस्ताव, निर्धारित चेकलिस्ट और प्राक्कलन भेजने के निर्देश दिए हैं।विकास भवन में लिफ्ट लगाने की मांग राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड के सदस्य सागर शर्मा ने 25 अगस्त को उपमुख्यमंत्री को पत्र भेजकर की थी। उन्होंने कहा था कि सरकारी कार्यों से आने वाले दिव्यांगजनों और बुजुर्गों को ऊपरी मंजिलों तक पहुंचने में सीढ़ियां चढ़ने में परेशानी होती है।इसके बाद 31 अगस्त को मुख्य प्राविधिक परीक्षक की ओर से सीडीओ को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिला विकास अधिकारी ने 16 सितंबर को पत्र भेजा और 25 सितंबर को शासन स्तर से भी निर्देश जारी हुए। प्रस्ताव के संबंध में अपेक्षित आख्या नहीं मिलने पर अब शासन ने फिर अनुस्मारक भेजा है। लिफ्ट लगने से विकास भवन आने वाले दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और चलने-फिरने में कठिनाई वाले लोगों को राहत मिलेगी।

फार्म हाउस से जनरेटरों के अल्टरनेटर, सीसीटीवी कैमरे और नकदी चोरी

मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस। आगरा- अलीगढ़ रोड स्थित गीता फार्म हाउस को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाकर जनरेटरों के अल्टरनेटर, सीसीटीवी कैमरे और नकदी चोरी कर ली। चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपये बताई गई है।सासनी के मोहल्ला बारहसैनी निवासी निशु गुप्ता पुत्र लालाराम गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 तारीख की रात चोर उनके मैरिज होम परिसर में रखे चार बड़े जनरेटरों से अल्टरनेटर निकाल ले गए। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे, एनवीआर और गल्ले में रखी नकदी भी चोरी कर ली। पीड़ित ने अपने स्तर से सामान और चोरों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने पुलिस से मुकदमा दर्ज कर चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल का कठोर कारावास

मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत प्रभावी पैरवी के चलते एडीजे/पोक्सो कोर्ट-1 ने नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में दोषी मलखान निवासी मेंडू, थाना हाथरस जंक्शन को तीन वर्ष के कठोर कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।पुलिस के अनुसार, वर्ष 2022 में आरोपी के खिलाफ थाना हाथरस जंक्शन में छेड़छाड़, धमकी, पॉक्सो एक्ट और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना पूरी कर आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। पुलिस मॉनिटरिंग सेल और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप न्यायालय ने आरोपी को सजा सुनाई।

अवैध कॉलोनियों पर प्रशासन का बुलडोजर, तीन कॉलोनियों में ध्वस्तीकरण

मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस। शहर से सटे क्षेत्रों में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए और निर्धारित मानकों के विपरीत विकसित की जा रही कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। शुक्रवार शाम तीन कॉलोनियों में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। एसडीएम सदर राजबहादुर सिंह ने स्पष्ट किया कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।एसडीएम के अनुसार, खोंडा हजारी स्थित मां शारदे कॉलोनी, गंगा रेनबो और लहरा रोड के गढ़ी तमन्ना क्षेत्र में विकसित की जा रही कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। मां शारदे कॉलोनी के संचालक राकेश पाराशर, गंगा रेनबो से रामनिवास तथा गढ़ी तमन्ना की कॉलोनी से रोहित कुमार व रविदास का संबंध बताया गया है। प्रशासन के मुताबिक, गढ़ी तमन्ना में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए सड़क बनाकर प्लॉट बेचे जा रहे थे। इन मामलों में 24 मार्च को ही ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किए गए थे।एसडीएम ने बताया कि मानकों के विपरीत विकसित कॉलोनियों में सड़क, जल निकासी और अन्य जरूरी सुविधाओं का अभाव रहता है, जिससे प्लॉट खरीदने वालों को भविष्य में परेशानी हो सकती है। अन्य कॉलोनियों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। प्रशासन ने लोगों से प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी का मानचित्र और वैधता जांचने की अपील की है।

एनडीआरएफ ने छात्राओं और शिक्षकों को सिखाए आपदा से बचाव के तरीके

मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और एनडीआरएफ गाजियाबाद की 16 सदस्यीय टीम ने सुरजोबाई कन्या इंटर कॉलेज, किला गेट में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें 300 से अधिक छात्राओं और 15 से अधिक शिक्षकों को प्राकृतिक, रासायनिक, जैविक और मानव निर्मित आपदाओं से बचाव के तरीके बताए गए।प्रधानाचार्य शानू यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जबकि संचालन अतुल वर्मा ने किया। प्रशिक्षण में बिजली संबंधी हादसों, बाढ़ और अन्य आपदाओं के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। टीम ने डमी मॉडल के माध्यम से सीपीआर देने और घायलों को सुरक्षित निकालने का अभ्यास कराया। छात्राओं ने भी अभ्यास में भाग लेकर आपात स्थिति में बचाव के तरीके सीखे।जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा के समय जन-धन और पशुओं की हानि को कम करना तथा लोगों को राहत एवं बचाव कार्यों के प्रति जागरूक करना है।

कार की टक्कर से राहगीर की मौत, परिवार में मचा कोहराम

मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस। कोतवाली सदर क्षेत्र के बैनीगंज चौराहे पर कार की टक्कर से घायल राहगीर की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय इमरान पुत्र नासिर निवासी तकिया, जलेसर रोड के रूप में हुई है। बताया गया कि इमरान बाजार जा रहे थे, तभी कार ने उन्हें टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ट्रैक्टर-बाइक की भिड़ंत में दंपती घायल, ढाई माह की बच्ची सुरक्षित

मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस। क्षेत्र के पुरदिलनगर रोड पर विधायक आवास के पास ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में बाइक सवार केशवदेव, उनके पुत्र ओमवीर (22), पुत्रवधू लीलावती और ढाई माह की पौत्री देवांशी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के दौरान लीलावती ने बच्ची को सीने से लगा लिया, जिससे मासूम सुरक्षित बच गई। परिवार ग्राम कटाई का निवासी है और सिकंदराराऊ से घर लौट रहा था। आरोप है कि खेत से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने अचानक सड़क पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस और एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। पुलिस ट्रैक्टर और चालक को कोतवाली ले गई।

रोडवेज बस स्टैंड पर ट्रांसपोर्टरों की मनमानी, जाम में फंसी एंबुलेंस

सड़क घेरकर खड़े ट्रकों से बिगड़ी यातायात व्यवस्था, नो एंट्री के बावजूद बड़े वाहनों की आवाजाही पर सवाल

मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। रोडवेज बस स्टैंड के आसपास जाम की समस्या अब महज परेशानी नहीं, बल्कि गंभीर खतरे का रूप लेती जा रही है। सड़क पर खड़ी रोडवेज बसों के साथ ट्रांसपोर्ट कंपनियों के बाहर सड़क घेरकर खड़े मालवाहक ट्रक यातायात व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहे हैं। हालात यह हैं कि राहगीरों को निकलने के लिए जगह नहीं मिलती और जाम में एंबुलेंस तक फंस रही हैं।रोडवेज बस स्टैंड के आसपास ट्रांसपोर्ट कंपनियों के बाहर खड़े ट्रकों के कारण सड़क का बड़ा हिस्सा घिर जाता है। इसके चलते दिनभर वाहनों का दबाव बना रहता है और कुछ ही देर में जाम लग जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे बेतरतीब खड़े भारी वाहनों के कारण हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है।सबसे गंभीर स्थिति उस समय सामने आई, जब रोडवेज बस स्टैंड के पास एक ट्रांसपोर्ट के बाहर खड़े ट्रक के कारण जाम लग गया। इसी जाम में मरीज को आगरा लेकर जा रही एंबुलेंस फंस गई। एंबुलेंस के फंसने से मरीज की जिंदगी पर संकट खड़ा हो गया। राहगीरों ने किसी तरह रास्ता खुलवाकर एंबुलेंस को जाम से बाहर निकाला।



नो एंट्री के बावजूद भारी वाहन, कार्रवाई कौन करेगा?

शहर में नो एंट्री व्यवस्था लागू होने के बावजूद बड़े मालवाहक वाहन और ट्रैक्टर सड़कों पर दिखाई देने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। सड़क किनारे अवैध पार्किंग रोकने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देशों के बावजूद रोडवेज बस स्टैंड क्षेत्र में हालात सुधरते नजर नहीं आ रहे हैं। सवाल है कि नियमों का पालन कराने की जिम्मेदारी वाले विभाग आखिर कब सख्ती करेंगे?स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सड़क किनारे भारी वाहनों की पार्किंग पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई तो किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। एंबुलेंस के जाम में फंसने की घटना ने व्यवस्था की गंभीरता उजागर कर दी है। अब सवाल यह है कि प्रशासन कार्रवाई के लिए किसी बड़े हादसे का इंतजार करेगा या समय रहते सड़क को अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग से मुक्त कराया जाएगा।

कविता के जरिए बच्चों ने दिया पौष्टिक आहार का संदेश



मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। उच्च प्राथमिक विद्यालय छौंक में सुशीला फाउंडेशन एवं सासनी विज्ञान क्लब के तत्वावधान में राष्ट्रीय खाद्य दिवस पर काव्य संगोष्ठी आयोजित हुई। विद्यार्थियों ने जल, दूध, फल, सब्जियां, दालें, विटामिन, खनिज लवण, संतुलित आहार, अन्नदाता किसान और मोटे अनाज के महत्व पर कविताएं प्रस्तुत कर पौष्टिक भोजन के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता इंचार्ज प्रधानाध्यापिका विमलेश सेंगर ने की और मुख्य अतिथि गिरिजेश कुमारी रहीं। संचालन डॉ. पुष्पेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि बाजरा, ज्वार और रागी जैसे मोटे अनाज को भोजन में शामिल करना, संतुलित आहार लेना और जंक फूड से दूरी बनाना स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी है। अन्न की बबार्दी रोकना और किसानों के परिश्रम का सम्मान करना भी सभी का दायित्व है।विमल, अमृता, नेहा, दीप्ति, रिजवाना, मयंक, मोहित, हर्षित, दिव्या, प्रशांत, लवकुश, सुहानी, हर्ष और रश्मि ने कविता पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने मोटा अनाज अपनाने, पौष्टिक आहार लेने और अन्न की बबार्दी रोकने की शपथ ली।

भ्रष्टाचार के विरोध में वकीलों का कार्य बहिष्कार, 14वें दिन भी ठप रहा तहसील का कामकाज

मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। सिकंदराराऊ तहसील में कथित भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं के विरोध में अधिवक्ताओं का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 14वें दिन भी जारी रहा। वकीलों ने न्यायालयों और कार्यालयों में कार्य बहिष्कार किया, जिससे कामकाज प्रभावित रहा और दूर-दराज से आए वादकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।दी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश कुमार चौहान शोला की अध्यक्षता और सचिव राजेश बघेल के संचालन में हुई धरना सभा में अधिवक्ताओं ने तहसील प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि अधिकारियों की ओर से समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार अधिवक्ताओं व आम जनता की समस्याओं का समाधान नहीं करते, तब तक धरना और कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।धरने में नरेश प्रताप सिंह, महेंद्र सिंह यादव, रिशाल सिंह यादव, रामकुमार यादव, हुकुम सिंह बघेल, कुंवरपाल सिंह यादव, उमेश चंद्र शर्मा, विपिन कुमार, अरविंद शर्मा, प्रमोद कुमार बघेल, जीतेन्द्र कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।



सेवा भारती के बाल संस्कार केंद्रों पर 100 बच्चों को बांटे उपहार



मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस। लहरा रोड स्थित रामेश्वर धाम बगीची, नवग्रह मंदिर के पीछे सेवा भारती के बाल संस्कार केंद्रों के बच्चों के लिए कन्या पूजन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें करीब 100 बच्चों का पूजन कर उन्हें प्रसाद, उपहार, कॉपी, पेन, नमकीन और दक्षिणा वितरित की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा भारती के जिला अध्यक्ष डॉ. बीपी सिंह ने की। जिला मंत्री राजीव आर्य ने संगठन के शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य सेवा, महिला स्वावलंबन और सामाजिक समरसता से जुड़े कार्यों की जानकारी दी।इस अवसर पर ललित किशोर अग्रवाल, भंवर पाल सिंह पौरुष, भवतेन्द्र पाल सिंह सेंगर, अनिल कुमार अग्रवाल, मंजू आर्य, नेकी की दुकान के अध्यक्ष मुकेश कुमार जैन, सचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, हरि राम वार्ष्णेय, डॉ. मोहित अग्निहोत्री, डॉ. अमित भार्गव, देवेश गौतम, जगदीश प्रसाद, विजय कुमार जैन और राकेश बंसल सहित अन्य समाजसेवी मौजूद रहे।

पीईटी के लिए 16 केंद्र तैयार, 39,456 अभ्यर्थी होंगे शामिल

मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। जनपद में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) के लिए 16 केंद्रों पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा 25 और 30 अक्टूबर तथा 1 नवंबर को दो पालियों में होगी, जिसमें कुल 39,456 अभ्यर्थी शामिल होंगे। नकलविहीन परीक्षा के लिए अधिकारियों ने केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे बरेली-मथुरा कैंट के बीच 25 और 30 अक्टूबर तथा 1 नवंबर को अनारक्षित परीक्षा विशेष ट्रेन भी चलाएगा। ट्रेन बरेली से सुबह चार बजे रवाना होकर हाथरस सिटी सुबह 7:12 बजे पहुंचेगी। वापसी में मथुरा कैंट से शाम 6:10 बजे चलकर हाथरस सिटी शाम 7:12 बजे पहुंचेगी।

बाइक में सांप निकलने से मची अफरा-तफरी

मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। शहर में तालाब ओवरब्रिज के नीचे नगर पालिका के निकट सुबह एक बाइक में सांप दिखाई देने से अफरा-तफरी मच गई। बाइक में सांप देखकर आसपास मौजूद लोग घबरा गए और मौके पर भीड़ जुट गई। लोग सांप के छिपे होने की जगह तलाशने लगे। बाद में सावधानी बरतते हुए सांप को बाइक से बाहर निकाला गया।

डीएम ने बाजरा की क्रॉप कटिंग का किया निरीक्षण, जैविक खेती को बढ़ावा देने पर दिया जोर

फिरोजाबाद। खरीफ 2026-27 के तहत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फसल उत्पादन का सटीक आकलन करने के लिए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने नारखी ब्लॉक के भीकनपुर मेघपुर गांव में बाजरा की क्रॉप कटिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने किसान रूपेन्द्र कुमार के खेत में अपनी मौजूदगी में निर्धारित मानकों के अनुसार फसल की कटाई कराई। 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्र में कटाई के बाद 22.330 किलोग्राम बाजरा के भुट्टों की उपज प्राप्त हुई। क्रॉप कटिंग के आंकड़े संबंधित मोबाइल एप पर अपलोड कराए गए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने किसान द्वारा की जा रही जैविक खेती की सराहना की। उन्होंने किसानों से जैविक कृषि को अपनाने और मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में मोटे अनाज यानी श्रीअन्न की उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। ऐसे में किसान बाजरा सहित अन्य मोटे अनाजों की खेती पर विशेष ध्यान दें। इस दौरान अपर सांख्यिकी अधिकारी महताब आलम, राजस्व निरीक्षक सुमेश चंद्र, लेखपाल रुस्तम पाल, बीमा प्रतिनिधि मनोहर, ग्राम प्रधान मुकेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आगरा रेफर किरावली बाईपास चौराहे पर हादसा, एसएन मेडिकल कालेज में चल रहा उपचार

किरावली। आगरा-जयपुर हाईवे स्थित किरावली बाईपास चौराहे पर शनिवार को शाम 4 बजे सड़क पार करते समय ट्रक की चपेट में आने से 64 वर्षीय साइकिल सवार घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे कस्बा चौकी के उपनिरीक्षक अरविंद सिंह ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरावली पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे एसएन मेडिकल कालेज, आगरा रेफर कर दिया।घायल की पहचान उदय सिंह (64) पुत्र बीरी सिंह, निवासी सिरौली, थाना मलपुरा के रूप में हुई है।

दाऊजी मेला पंडाल में एक नवंबर को मेगा विधिक सहायता शिविर, एक ही जगह मिलेंगी कई योजनाओं की सुविधाएं

मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एक नवंबर रविवार को दाऊजी मेला पंडाल स्थित पद्मश्री काका हाथरसी स्मृति मंच पर मेगा विधिक सहायता शिविर आयोजित किया जाएगा। जनपद न्यायाधीश विनय कुमार-तृतीय के निर्देश पर सचिव अनु चौधरी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की।शिविर में स्वास्थ्य विभाग आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य जांच, एक्सरे और दवाओं की सुविधा उपलब्ध कराएगा। कृषि विभाग किसानों का पंजीकरण कर सरकारी योजनाओं की जानकारी देगा, जबकि श्रम विभाग श्रमिकों के कार्ड बनाएगा। समाज कल्याण और प्रोबेशन विभाग वृद्धावस्था व विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, बाल सेवा, सामूहिक विवाह और अन्य योजनाओं के लिए पंजीकरण कराएंगे।जिला विकास विभाग की ओर से स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों, दीपक, मोमबत्ती, अगरबत्ती, मिठाइयों सहित स्थानीय उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके अलावा 25 से 30 विभागों के स्टॉल पर विभिन्न योजनाओं की जानकारी, पंजीकरण और पात्र लोगों को लाभ दिलाने की व्यवस्था रहेगी।शिविर में निःशुल्क विधिक परामर्श, मध्यस्थता, परामर्श सेवा और लोक अदालत के माध्यम से मामलों के निस्तारण की सुविधा भी मिलेगी। सचिव अनु चौधरी ने नागरिकों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

एएसपी ने विशेष जांच प्रकोष्ठ और विशेष किशोर इकाई का किया निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस। अपर पुलिस अधीक्षक रामानंद कुशवाहा ने पुलिस कार्यालय स्थित विशेष जांच प्रकोष्ठ और विशेष किशोर इकाई का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों का अवलोकन कर कार्यों की प्रगति और लंबित प्रकरणों की जानकारी ली।एएसपी ने अभिलेखों का व्यवस्थित रखरखाव करने, लंबित मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने तथा विभागीय नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों से पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने तथा उच्चाधिकारियों के निर्देशों का समय से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा।

राशन वितरण की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तक बढ़ी

मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अक्टूबर माह के राशन वितरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अक्टूबर कर दी गई है। जिला पूर्ति अधिकारी ने पात्र गृहस्थी और अंत्योदय कार्डधारकों से निर्धारित तिथि तक खाद्यान्न प्राप्त करने की अपील की है। आधार प्रमाणीकरण में परेशानी होने पर मोबाइल ओटीपी सत्यापन से भी राशन मिलेगा। राशन के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। किसी समस्या या शिकायत के लिए कार्डधारक संबंधित तहसील के आपूर्ति कार्यालय या जिला पूर्ति कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

एजुकेशन वर्ल्ड रैंकिंग में दून पब्लिक स्कूल जनपद में प्रथम

मोर्निंग सिटी संवाददाता हाथरस। दून पब्लिक स्कूल को एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया रैंकिंग 2026-27 में सीबीएसई सह-शिक्षा डे स्कूलों की श्रेणी में जनपद में प्रथम स्थान मिला है। नई दिल्ली के होटल पुलमैन एयरोसिटी में आयोजित समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य जे.के. अग्रवाल को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने सफलता का श्रेय शिक्षक-शिक्षिकाओं की मेहनत, विद्यार्थियों की लगन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा।

मतदाता जागरूकता अभियान में छात्र-छात्राओं के भरवाए फॉर्म-6



फिरोजाबाद। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पात्र छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक किया गया। हेल्प डेस्क लगाकर ऑनलाइन और ऑफलाइन फॉर्म-6 भरवाए गए तथा पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा और उप जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना जायसवाल के निर्देशन में ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी डॉ. हिमांशु शर्मा ने अभियान के तहत विद्यार्थियों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया। उन्हें बताया गया कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र युवा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। अभियान के दौरान भाग संख्या 13 से 18 तक के बूथों पर बीएलओ प्रियंका कौशिक, रजनीश कुमार, मुनेश कुमार, अनिल कुमार, दीक्षा और ममता शर्मा ने सहयोग किया।

जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पाण्डेय के निर्देशन में श्री गर्ग इंटर कॉलेज, इटौरा और आरपीएस इंटर कॉलेज, भोडेला में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों को मतदान का महत्व समझाते हुए परिवार और आसपास के लोगों को भी मतदाता पंजीकरण के लिए प्रेरित करने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत होगा।

सीएम योगी को आतिशबाजी व्यापारियों को आ रही समस्याओं से अवगत कराया



मोर्निंग सिटी संवाददाता


लखनऊ। फायरवर्क्स डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मण्डल ने उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से भेंट करके दीपावली के अवसर पर आतिशबाजी व्यापारियों को आ रही समस्याओं से अवगत कराया गया और एक ज्ञापन भी दिया गया।

जिसके उपरांत मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के समस्त आतिशबाजी व्यापारियों को आश्वासन दिया गया कि किसी भी व्यापारी का किसी भी प्रकार से उत्पीड़न नहीं किया जाएगा प्रदेश की सरकार द्वारा समस्त आतिशबाजी व्यापारियों के हित के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएँगे। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार सभी आतिशबाजी व्यापारियों के साथ है।

प्रतिनिधिमंडल में संगठन के अध्यक्ष हेमन्त चाँदना महासचिव महेश गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेदप्रकाश गुप्ता, अखिलेश गुप्ता संगठन मंत्री अनुभव अग्रवाल व कार्यालय व मीडिया प्रभारी राकेश कटारिया उपस्थित रहे।

महंगे शौक पूरे करने के लिए हथियारों के धंधे में उतरा 12वीं पास युवक





मोर्निंग सिटी संवाददाता

आगरा। महंगे शौक पूरे करने के लिए युवक के हथियारों की खरीद-फरोख्त में शामिल होने का मामला सामने आया है। फतेहपुर सीकरी पुलिस और साइबर सर्विलांस/काउंटर इंटेलिजेंस टीम की संयुक्त कार्रवाई में ट्रांस यमुना क्षेत्र के नगला किशनलाल, टेढ़ी बगिया निवासी मनीष कुमार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से .32 बोर की तीन अवैध पिस्टल और छह खाली मैगजीन बरामद की हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपित एक पिस्टल करीब 10 हजार रुपये में खरीदकर लाया था। अब पुलिस हथियारों की खरीद-फरोख्त के नेटवर्क और उसे हथियार उपलब्ध कराने वालों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस के अनुसार, 23 अक्टूबर 2026 को क्षेत्र में चेकिंग और गश्त की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर फतेहपुर सीकरी पुलिस और साइबर सर्विलांस/काउंटर इंटेलिजेंस टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। पुलिस टीम ने दूरा रोड से इस्लामगंज की ओर जाने वाले रास्ते पर स्थित पुलिया के पास घेराबंदी कर मनीष कुमार को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से तीन पिस्टल और छह खाली मैगजीन बरामद हुईं। इसके बाद पुलिस उसे थाने ले गई और मामले में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

दस-दस हजार रुपये में खरीदी थीं पिस्टल

पुलिस की प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, आरोपित ने पिस्टल करीब 10 हजार रुपये प्रति पिस्टल की दर से खरीदी थीं। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि उसने हथियार किससे खरीदे, इन्हें कहां से लाया गया था और आगे किसी को सप्लाई करने की योजना थी या नहीं। हथियारों की बरामदगी के बाद पुलिस उसके संपर्कों और संभावित नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

आपराधिक इतिहास और संपर्कों की जांच

पुलिस आरोपित के आपराधिक इतिहास की भी पड़ताल कर रही है। साथ ही यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह पहले भी हथियारों की खरीद-फरोख्त में शामिल रहा है या नहीं। पुलिस की जांच में हथियार उपलब्ध कराने वालों और अन्य संभावित सहयोगियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण रहेगी।

यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त के निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के पर्यवेक्षण में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मनीष कुमार पुत्र विद्यासागर, निवासी नगला किशनलाल, टेढ़ी बगिया, थाना ट्रांस यमुना, आगरा के रूप में हुई है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। अब जांच का अहम सवाल यह है कि मनीष तक तीनों पिस्टल कैसे पहुंचीं और इनके पीछे हथियारों की आपूर्ति करने वाला कौन है।

आगामी त्योहारों को लेकर कागारौल पुलिस अलर्ट, बाजारों और प्रमुख स्थानों पर बढ़ाई निगरानी

मोर्निंग सिटी संवाददाता



कागारौल। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए कागारौल थाना पुलिस सतर्क हो गई है। त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस टीम सक्रिय है। बाजारों, प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखने के साथ पुलिस की ओर से गश्त और चेकिंग पर जोर दिया जा रहा है। थाना प्रभारी अंकुर राठी के नेतृत्व में पुलिसकर्मी क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुस्तैदी से जुटे हैं। पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों पर नजर रखी जा रही है, जिससे किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। त्योहारों के दौरान बाजारों में भीड़भाड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और आमजन को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। थाना प्रभारी अंकुर राठी ने बताया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए थाना क्षेत्र में पुलिस पूरी तरह सतर्क है। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। बाजारों और प्रमुख स्थानों पर निगरानी रखी जा रही है तथा पुलिसकर्मियों को नियमित गश्त और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पराली न जलाएं, जैविक खेती अपनाकर मिट्टी और स्वास्थ्य बचाएं

मोर्निंग सिटी संवाददाता



किरावली। किरावली के गांव रायभा स्थित बीज गोदाम पर कृषि विभाग की ओर से किसान गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें किसानों को पराली प्रबंधन और जहर मुक्त खेती के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा किसान नेता मोहन सिंह चाहर, संयुक्त कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव और उप निदेशक कृषि मुकेश कुमार ने पंजीकृत किसानों को सरसों, चना और मटर के बीज की मिनी किट निशुल्क वितरित कीं।मोहन सिंह चाहर ने कहा कि पराली जलाने के बजाय कृषि विभाग इसे किसानों से खरीदकर गौशालाओं तक पहुंचाने की व्यवस्था करे, ताकि इसका उपयोग पशु चारे के रूप में हो सके। उन्होंने किसानों से जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की।संयुक्त कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है और मिट्टी के पोषक तत्व नष्ट होते हैं। उप निदेशक कृषि मुकेश कुमार ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। गोष्ठी में एडीओ कृषि महेंद्र सिंह, सलीम खान, बुद्धि प्रकाश जाट सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

संकुल स्तरीय बौद्धिक प्रतियोगिता में 65 भैया-बहनों ने लिया भाग

मोर्निंग सिटी संवाददाता



किरावली। अनार देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, किरावली में शनिवार को संकुल स्तरीय बौद्धिक प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्या भारती द्वारा संचालित संकुल के 10 विद्यालयों के करीब 65 भैया-बहनों ने सहभागिता की। गीत, भाषण, कला, संस्कृति, प्रश्नमंच और अंत्याक्षरी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्चन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्या भारती के जिला समन्वयक राजहंस शर्मा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है और उनका सर्वांगीण विकास होता है।निर्णायक मंडल में गोपाल प्रसाद शर्मा, बलदेव सिंह, सियाराम सिंह, लोकेंद्र शर्मा, राजवीर सिंह इंदौलिया, अनिल कुमार दुबे, गुल्लू मौर्य, ज्योति वर्मा और ज्योति सिंघल शामिल रहे। संचालन उम्मेद सिंह ने किया। आभार प्रधानाचार्य श्याम हरी शर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रबंधक राजकुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार गोयल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

पालीवाल पार्क में सड़क धंसी, 7 मीटर तक बना गहरा गड्ढा







मोर्निंग सिटी संवाददाता

आगरा। शहर में सड़क धंसने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार सुबह पालीवाल पार्क के अंदर सड़क का बड़ा हिस्सा धंसने से हड़कंप मच गया। सड़क करीब पांच से सात मीटर लंबाई और चार से पांच मीटर चौड़ाई तक धंस गई, जिससे वहां गहरा गड्ढा बन गया। गनीमत रही कि घटना के समय कोई व्यक्ति या वाहन इसकी चपेट में नहीं आया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। सुबह टहलने पहुंचे लोगों के साथ-साथ इस रास्ते से गुजरने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई।

पुलिस ने संभाला मोर्चा, बैरिकेडिंग कर सुरक्षित किया रास्ता

घटना की जानकारी मिलने के बाद पालीवाल पार्क पुलिस चौकी प्रभारी हिमांशी चौधरी ने अपनी टीम के साथ मौके पर मोर्चा संभाला। पुलिस टीम ने धंसे हुए हिस्से के आसपास बैरिकेडिंग कर लोगों को खतरे वाले स्थान से दूर किया और सुरक्षित रास्ता बनाने की व्यवस्था की। समय रहते सुरक्षा इंतजाम किए जाने से लोगों को गड्ढे की चपेट में आने से बचाने में मदद मिली।

करोड़ों का खर्च, फिर भी सड़कें धंस रहीं; जिम्मेदार कौन?

पालीवाल पार्क की घटना ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पिछले तीन महीनों में शहर के दो दर्जन से अधिक स्थानों पर सड़क धंसने की घटनाएं सामने आने की बात कही जा रही है। कहीं सड़क के बीच गड्ढे बन रहे हैं तो कहीं पूरा हिस्सा जमीन में धंस जा रहा है। ऐसे में सवाल है कि निर्माण और मरम्मत पर खर्च होने वाली धनराशि के बावजूद सड़कें सुरक्षित क्यों नहीं हैं? क्या निर्माण के दौरान मिट्टी की मजबूती, भूमिगत पाइपलाइनों और जल निकासी व्यवस्था की पर्याप्त जांच की जाती है?

पानी का रिसाव या सीवर लाइन में लीकेज, जांच जरूरी

सड़क धंसने के पीछे पानी का रिसाव, सीवर लाइन में लीकेज या जमीन के नीचे मिट्टी कमजोर होने जैसी संभावनाएं हो सकती हैं। हालांकि, पालीवाल पार्क में सड़क धंसने का वास्तविक कारण तकनीकी जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। नगर निगम और संबंधित विभागों को मौके का निरीक्षण कराकर यह पता लगाना चाहिए कि सड़क का हिस्सा किन परिस्थितियों में धंसा। केवल गड्ढा भरकर औपचारिकता पूरी करने के बजाय मूल कारण का समाधान जरूरी है।

बच्चों के साथ हादसा हो जाता तो जिम्मेदारी किसकी होती?

यदि धंसे हुए फुटपाथ या सड़क से गुजरते समय कोई बच्चा, बुजुर्ग या सुबह टहलने वाला व्यक्ति गड्ढे में गिर जाता, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेता? क्या संबंधित विभाग किसी बड़े हादसे के बाद ही जागेंगे? पुलिस ने तत्काल बैरिकेडिंग कर सुरक्षा व्यवस्था संभाली, लेकिन सड़क की मरम्मत, तकनीकी जांच और स्थायी समाधान की जिम्मेदारी संबंधित विभागों की है। अब सवाल सिर्फ सड़क धंसने का नहीं, जिम्मेदारी तय करने का है। पालीवाल पार्क में पुलिस ने समय रहते मोर्चा संभालकर खतरे वाले हिस्से को सुरक्षित किया, लेकिन नगर निगम और संबंधित विभागों को भी तत्काल कार्रवाई करनी होगी। शहरवासियों को सुरक्षित सड़कें देना प्रशासन की जिम्मेदारी है। आखिर जिम्मेदार विभाग कब जागेंगे—किसी बड़े हादसे के बाद या उससे पहले?

नगर निगम से सवाल, जवाबदेही कब तय होगी?

सड़क धंसने की घटनाओं की तकनीकी जांच कब कराई जाएगी?

भूमिगत पाइपलाइनों और सीवर लाइनों की स्थिति की जांच क्यों नहीं की जाती?

निर्माण की गुणवत्ता में कमी मिलने पर संबंधित ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई होगी?

पालीवाल पार्क में सड़क की स्थायी मरम्मत कब तक होगी?

भोला चौहान की हत्या किसने और क्यों की? तीन पुलिस टीमें सुलझाएंगी गुत्थी!

मोर्निंग सिटी संवाददाता

आगरा। फतेहाबाद क्षेत्र में हत्या की सनसनीखेज वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। बिजौलपुरा गांव के बाहर खेतों में रजपुरा निवासी भोला चौहान का शव मिलने से सनसनी फैल गई। देर रात यूपी-112 के माध्यम से सूचना मिलने पर थाना फतेहाबाद पुलिस और फील्ड यूनिट तत्काल मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए साक्ष्य जुटाए गए। मृतक के भाई की तहरीर पर नामजद और अज्ञात आरोपितों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। वारदात की गंभीरता को देखते हुए आरोपितों की गिरफ्तारी और घटना के पदार्फाश के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गई हैं।

खेतों में शव मिलने से मचा हड़कंप

पुलिस के अनुसार, 22 और 23 अक्टूबर की मध्यरात्रि में बिजौलपुरा गांव के बाहर खेतों में एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना पर थाना फतेहाबाद पुलिस और फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। मृतक की पहचान भोला चौहान निवासी ग्राम रजपुरा के रूप में हुई। घटना के बाद मृतक के परिजनों में शोक का माहौल है। पुलिस हत्या के पीछे की वजह और वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

डीसीपी पूर्वी पहुंचे मृतक के घर, परिजनों को दिया भरोसा

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन अभिषेक अग्रवाल मृतक के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उन्हें निष्पक्ष एवं प्रभावी विधिक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान थाना फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है। मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने नामजद और अज्ञात आरोपितों के खिलाफ हत्या का अभियोग दर्ज किया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए तीन पुलिस टीमें लगाई गई हैं। पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश देने और घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाने में जुटी है। जांच के दौरान यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि भोला चौहान की हत्या किन परिस्थितियों में हुई और वारदात में कौन-कौन शामिल था।

हत्या की वजह और घटनाक्रम की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

फिलहाल हत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और परिजनों की ओर से दी गई जानकारी के आधार पर मामले की कड़ियां जोड़ रही है। सहायक पुलिस आयुक्त फतेहाबाद इमरान अहमद के अनुसार, आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही घटना का सफल अनावरण करने के प्रयास किए जा रहे हैं। अब निगाहें पुलिस की जांच पर टिकी हैं। भोला चौहान की हत्या के पीछे की वजह क्या थी, वारदात को किसने अंजाम दिया और इसमें कितने लोग शामिल थे, इन सवालों के जवाब आरोपितों की गिरफ्तारी और जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएंगे।

MSME के विकास से खुलेगा खुशहाली का रास्ता, आगरा में निवेश की अपार संभावनाएं: एसपी सिंह बघेल

सांसद MSME कॉन्क्लेव एवं इन्वेस्टर मीट-2026 में उद्योगों के विस्तार, रोजगार और वित्तीय सहायता पर हुआ मंथन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



आगरा। केंद्रीय राज्य मंत्री एवं आगरा के सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के विकास से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। छोटे उद्योग रोजगार देने के साथ स्थानीय कारोबार को बढ़ावा देते हैं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर देते हैं। आगरा में उद्योगों और निवेश की अपार संभावनाएं हैं। जरूरत है कि यहां के उत्पादों को बेहतर पहचान दिलाकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया जाए। शनिवार को रकाबगंज स्थित होटल ग्रैंड इम्पीरियल में सांसद एमएसएमई कॉन्क्लेव एवं इन्वेस्टर मीट-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसमें देशभर की 150 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधियों के अलावा उद्योगपतियों, कारोबारियों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों से जुड़े लोगों ने भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य आगरा में निवेश बढ़ाने, उद्योगों के विस्तार और रोजगार के नए अवसर तैयार करने के लिए सरकार, बैंकों और उद्यमियों को एक मंच पर लाना था। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि आगरा की पहचान केवल ताजमहल और पर्यटन तक सीमित नहीं है। यहां जूता उद्योग, हस्तशिल्प, पत्थर का काम, आभूषण, ब्रश निर्माण, गारमेंट्स और खाद्य प्रसंस्करण जैसे कई क्षेत्रों में कारोबार की संभावनाएं हैं। इन उद्योगों को आधुनिक तकनीक, बेहतर गुणवत्ता, आकर्षक पैकेजिंग और ब्रांडिंग से आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना की चर्चा करते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता सुधारकर उन्हें देश-विदेश के बाजारों तक पहुंचाना चाहिए। इससे कारोबार बढ़ेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। कॉन्क्लेव में बैंकों और वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों ने उद्यमियों को ऋण योजनाओं और वित्तीय सहायता की जानकारी दी। चर्चा में कारोबार बढ़ाने, नए उद्योग लगाने, निवेश जुटाने और बाजार तक पहुंच बनाने जैसे मुद्दे उठे। बघेल ने कहा कि बैंकों, सरकारी संस्थानों और उद्योग संगठनों के बीच नियमित संवाद होना चाहिए। उद्यमियों को सरकारी योजनाओं और बैंकिंग सुविधाओं का लाभ आसानी से मिलना चाहिए, ताकि पूंजी की कमी उनके कारोबार की राह में बाधा न बने। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि निवेश आकर्षित करने के लिए अच्छी सड़कें, निर्बाध बिजली आपूर्ति, बेहतर परिवहन और कानून-व्यवस्था जरूरी हैं। उत्तर प्रदेश में सड़क और एक्सप्रेसवे जैसी सुविधाओं का विस्तार उद्योगों के लिए बेहतर अवसर तैयार कर रहा है। इन सुविधाओं का लाभ उठाकर आगरा में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सकता है। बघेल ने उद्योगों से कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और ग्रामीण विकास में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने गांवों में ई-लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लास स्थापित करने पर जोर दिया। इससे ग्रामीण युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और डिजिटल शिक्षा की बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं की कमी नहीं है, लेकिन संसाधनों के अभाव में कई युवाओं को आगे बढ़ने का पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाता। शिक्षा और कौशल विकास में निवेश से युवाओं का भविष्य बेहतर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के डीजीएम संजय कुमार सिंह, सिडबी के महाप्रबंधक जय कुमार गुप्ता, अमूल के ब्रांच मैनेजर अच्युत कुमार शर्मा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि शिवम जिंदल, मारुति लॉरिज के वाइस प्रेसिडेंट नीरज कुमार और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के जीएम रजवानी सहित विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। लघु उद्योग भारती के प्रदेश सचिव मनीष अग्रवाल, चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों और विभिन्न व्यापारिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी सहभागिता की। आयोजन में सहयोग देने वाले संस्थानों और प्रतिनिधियों को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कॉन्क्लेव में आगरा में निवेश बढ़ाने, स्थानीय उद्योगों को वित्तीय और तकनीकी सहयोग देने तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर तैयार करने पर जोर दिया गया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से उद्यमियों की समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान के रास्ते तलाशे जाएंगे। कार्यक्रम का मुख्य संदेश रहा कि छोटे और मध्यम उद्योगों को मजबूत बनाकर, स्थानीय उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचाकर और निवेश को प्रोत्साहित करके विकसित भारत-2047 के लक्ष्य में योगदान दिया जा सकता है।

1.12 लाख ऑनलाइन गेम में हारा अमेजन डिलीवरी बॉय, रची लूट की झूठी कहानी



मोर्निंग सिटी संवाददाता

आगरा। ऑनलाइन सट्टा गेम में कंपनी के कैश कलेक्शन के 1 लाख 12 हजार 800 रुपये हारने के बाद रकम जमा करने से बचने के लिए लूट की झूठी कहानी रचने का मामला सामने आया है। ट्रांस यमुना पुलिस ने जांच के बाद शिकायतकर्ता अंशुल यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने खुद को लूट का शिकार दिखाने के लिए अपने सिर पर पत्थर मारा और कपड़े फाड़कर वारदात का नाटक किया था। पुलिस के अनुसार, 23 अक्टूबर को अंशुल यादव ने शिकायत दी थी कि वह अमेजन कंपनी में डिलीवरी बॉय है। 22 अक्टूबर की रात सामान वितरण के बाद कंपनी का कैश जमा करने जा रहा था। टीआर गार्डन के पास बिना नंबर प्लेट की एक्टिवा स्कूटी पर सवार तीन लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट कर 95 हजार रुपये व मोबाइल फोन लूट लिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच में शिकायतकर्ता की बताई घटना संदिग्ध मिली। इसके बाद पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर पूछताछ की तो लूट की झूठी कहानी का खुलासा हुआ। पुलिस के मुताबिक, अंशुल ने पूछताछ में बताया कि वह 19 से 22 अक्टूबर के बीच अपने वीवो मोबाइल पर एविएटर नामक ऑनलाइन सट्टा गेम खेलते हुए कंपनी के कैश कलेक्शन के 1,12,800 रुपये हार गया था। कंपनी में रकम जमा करनी थी। इसी से बचने के लिए उसने लूट की झूठी सूचना देने की योजना बनाई। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने खुद अपने सिर पर पत्थर मारा, कपड़े फाड़े और मोबाइल को फ्लाइट मोड पर करके घटनास्थल के आसपास छिपा दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वीवो मोबाइल फोन और 5,610 रुपये बरामद किए। मोबाइल की जांच में एविएटर गेम खेलने और उसमें रकम हारने से संबंधित साक्ष्य मिलने की बात पुलिस ने कही है। इसके बाद 24 अक्टूबर को अंशुल यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में अपर पुलिस उपायुक्त नगर/अपराध मनोज कुमार यादव ने बाइट देकर घटना के खुलासे की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, जांच में सामने आए तथ्यों और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर लूट की शिकायत झूठी पाई गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि कंपनी की रकम जमा करने से बचने के लिए लूट की कहानी रची गई थी। गिरफ्तार आरोपी अंशुल यादव मूल रूप से सौरज, थाना नसीरपुर, जनपद फिरोजाबाद का निवासी है। वह वर्तमान में आगरा के तोरा, कलाल खेरिया, फतेहाबाद रोड क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस की कार्रवाई के बाद अब मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

2017 के फामूर्ले पर चुनावी रणनीति की बुनियाद, शाह करेंगे गिले-शिकवे दूर करने की कोशिश; पीएम भी आएंगे



उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शिकरत करने के बहाने गृहमंत्री अमित शाह नब्ज टटोलेंगे। 2017 की तर्ज पर चुनावी रणनीति की बुनियाद तैयार होगी।

इस महीने के अंतिम सप्ताह में पीएम मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन समेत कई नेताओं का यूपी दौरा होगा।

गृह मंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश के अहम चुनावी समर में पूरी ताकत से उतरने से पहले प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शिकरत करने के बहाने सूबे की सियासी नब्ज टटोलेंगे। आगामी 30 और 31 अक्टूबर को शाह पार्टी पदाधिकारियों और शीर्ष नेताओं के साथ बैठक कर पहले हालात का जायजा लेंगे।

इसके बाद नवंबर में सहयोगी दलों के नेताओं, बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र के संयोजकों और कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद के जरिये जमीनी चुनौतियों-कठिनाईयों से रूबरू होंगे। उनकी योजना जीत की हैट्रिक लगाने के लिए दो तिहाई बहुमत दिलाने वाले 2017 के फामूर्ले को जमीन पर उतारने की है। दरअसल पश्चिम बंगाल के बाद पंजाब के मोर्चे पर जुटे शाह अब तक उत्तर प्रदेश में सक्रिय नहीं हो पाए थे। पंजाब में अब शिरोमणि अकाली दल से पार्टी का गठबंधन तय है। इसके अलावा तय रणनीति के मुताबिक नशे के खिलाफ पूरे राज्य में यात्रा जारी है, ऐसे में शाह अब सियासी दृष्टि से सबसे अहम राज्य उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से मोर्चा संभालने के लिए तैयार हैं। पार्टी सूत्रों ने कहा कि इस क्रम में अपने पहले दो दिवसीय दौरे में शाह की योजना पार्टी पदाधिकारियों से फीडबैक हासिल कर प्रदेश का सियासी नब्ज टटोलने की होगी।

नवंबर में बढ़ेगी सक्रियता

नवंबर महीने में गृह मंत्री प्रमुख कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र के संयोजकों से मुलाकात करेंगे। इसी क्रम में उनकी सहयोगी दलों के नेताओं से भी बातचीत होगी। कई चरण में होने वाली इन मुलाकातों का मकसद पार्टी की मजबूती और कमजोरियों का आकलन करना होगा।

सूत्र ने बताया कि 2017 में शाह ने नए सहयोगी दलों के साधने के साथ गैरजाटव दलित और गैरयादव ओबीसी को साधने के लिए विशेष रणनीति तैयार करने के साथ कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करने की सीधी मुहिम चलाई थी। इस बार भी उनकी योजना जमीनी वस्तुस्थिति से पूरी तरह परिचित होने के बाद रणनीति बनाने की है।

गिले-शिकवे दूर करने की होगी कोशिश

इस क्रम में शाह सहयोगियों की नहीं बल्कि प्रमुख कार्यकर्ताओं और नेताओं के गिले शिकवे भी दूर करेंगे। 2017 में शाह ने इसी रास्ते को अपना कर सभी प्रमुख कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर उनकी नाराजगी दूर की थी।

दिव्यांग बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

लखनऊ।

योगी सरकार प्रदेश में समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने और दिव्यांग बच्चों को उनकी जरूरतों के अनुरूप शैक्षिक सहयोग उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है।

इसी क्रम में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से डिस्लेक्सिया एवं अटेंशन डेफिसिट एंड हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी) से प्रभावित बच्चों की पहचान, आकलन और प्रभावी शिक्षण तकनीकों के जरिए उन्हें मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से 22 एवं 23 अक्टूबर को दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए विशेष शिक्षकों के साथ प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा से जुड़े करीब 100 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

प्रभावी शिक्षण तकनीकों पर शिक्षकों को प्रशिक्षण

प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को डिस्लेक्सिया एवं अन्य विशिष्ट अधिगम दिव्यांगताओं के प्रति जागरूक करना, बच्चों में इनकी समयबद्ध पहचान और प्रभावी शिक्षण तकनीकों के उपयोग के लिए प्रशिक्षित करना था। उपनिदेशक एवं कोर्स को-ऑर्डिनेटर डॉ. अमित कुमार राय ने प्रशिक्षण की आवश्यकता एवं महत्त्व पर प्रकाश डाला। विशेषज्ञों ने दिव्यांगताओं की पहचान, प्रमाण-पत्र प्रक्रिया, आकलन उपकरणों, बहुसंवेदी शिक्षण पद्धतियों, कक्षा प्रबंधन और बच्चों के सामाजिक-भावनात्मक विकास की जानकारी दी।

शिक्षकों, अभिभावकों और विशेषज्ञों के समन्वय पर जोर

शिक्षकों, अभिभावकों एवं विशेषज्ञों के समन्वय से अनुकूल शिक्षण वातावरण तैयार करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में स्कूल एजुकेशन चेंजिंग फाउंडेशन, समग्र शिक्षा, एससीईआरटी, अध्यापक प्रशिक्षण केंद्र, समृद्धि एवं लर्निंग फाउंडेशन तथा बचपन डे केयर सेंटर के विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण प्रदान किया। विशेषज्ञों ने बताया कि डिस्लेक्सिया में पढ़ने और शब्दों की पहचान, डिस्ग्राफिया में लिखने तथा डिस्कैल्कुलिया में गणितीय अवधारणाओं को समझने में कठिनाई हो सकती है।

बच्चों की जरूरत के अनुरूप शिक्षण पर जोर

प्रशिक्षण के दौरान सीखने में कठिनाई को बुद्धि की कमी न मानते हुए बच्चों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षण व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि बच्चों की सीखने संबंधी कठिनाइयों की समयबद्ध पहचान, विशेषज्ञों से परामर्श, अनुकूल शिक्षण पद्धतियों और अभिभावकों के साथ समन्वय से उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है।

शब्दों के जरिए समाज तक पहुंचते हैं विचार और ज्ञान : वैदेही वल्लभ शरण

प्रान्त प्रचारक ने किया पुस्तक 'अर्णव' का लोकार्पण

लखनऊ।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रान्त के प्रान्त प्रचारक कौशल ने शुक्रवार को भागीदारी भवन के सभागार में वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र भदौरिया की पुस्तक 'अर्णव' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ प्रचारक वीरेन्द्र सिंह, बावन मंदिर अयोध्या के महंत वैदेही वल्लभ शरण महाराज, जगद्गुरू ओम प्रपन्नाचार्य व पदमश्री सुधा सिंह उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर प्रांत प्रचारक कौशल ने कहा कि सामान्य गांव से निकलकर संघर्ष के बाद नरेंद्र भदौरिया ने संघ, पत्रकारिता और शिक्षा के क्षेत्र में पहचान बनाई। उन्होंने संघ में शाखा स्वयंसेवक से लेकर प्रांतीय संगठन मंत्री तक जिम्मेदारियां निभाईं। पत्रकारिता के बाद शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखा। आज उनके संस्थानों में 14 हजार से अधिक विद्यार्थी पढ़ रहे हैं।



बावन मंदिर अयोध्या के महंत वैदेही वल्लभ शरण महाराज ने कहा कि शब्द ही ब्रह्म है। शब्दों के जरिए विचार और ज्ञान समाज तक पहुंचते हैं। अर्णव ज्ञान, भक्ति और आध्यात्मिक चिंतन का संकलन है। उन्होंने कहा कि भदौरिया की लेखनी समाज को दिशा दे रही है और आगे उन्हें 101 पुस्तकें लिखनी चाहिए।

लेखक और पत्रकार का सम्मान जरूरी

मनकामेश्वर मंदिर की महंत दिव्या गिरि ने कहा कि समाज में लेखक और पत्रकार का सम्मान जरूरी है। इनके सम्मान के बिना समाज अपनी दिशा भूल सकता है। उन्होंने कहा कि द्यअर्णवद्ध का अर्थ समुद्र है। पुस्तक में अलग-अलग विषयों का विस्तृत विवेचन है। लोगों को पुस्तक खरीदकर खुद पढ़ने और बच्चों को पढ़ाने की जरूरत है।

दो दशक से अधिक की सेवा के बाद ड्यूटी के बाहर हुई घटना पर कोर्ट कर्मचारी को बर्खास्त करना हैरान करने वाली घटना : हाईकोर्ट

प्रयागराज।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा कि दो दशक से अधिक समय तक सेवा देने वाले और जिसका पहले कोई प्रतिकूल सेवा रिकॉर्ड नहीं रहा हो, ऐसे कोर्ट कर्मचारी को काम के घंटों के बाहर हुई घटना के आधार पर बर्खास्त करना हैरान करने वाली घटना है। कोर्ट ने कहा कि यह असंगत और अत्यधिक कठोर सजा है। अदालत ने कदाचार से जुड़े निष्कर्षों को बरकरार रखते हुए बर्खास्तगी की सजा रद्द की।



जस्टिस गरिमा प्रसाद ने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ न्यायालय कर्मचारी (दंड एवं अपील) नियम 1976 के नियम 7(4) के तहत अपीलीय प्राधिकारी के लिए सजा की मात्रा पर स्वतंत्र रूप से विचार करना अनिवार्य है। केवल यह कह देना कि कदाचार गंभीर था इस कानूनी आवश्यकता को पूरा नहीं करता। विरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव बनाम जिला जज उन्नाव की याचिका पर हाईकोर्ट ने यह आदेश पारित किया है।

अदालत ने कहा, हर कोर्ट कर्मचारी से अनुशासन और संयम की अपेक्षा की जाती है और साबित हुए आचरण के लिए सजा दिया जाना उचित था। हालांकि बर्खास्तगी के कारण याचिकाकर्ता की दो दशक से अधिक की सेवा और पेंशन संबंधी सुरक्षा समाप्त हो गई। इन तथ्यों में बर्खास्तगी साबित हुए कदाचार की तुलना में अनुचित रूप से कठोर और हैरान करने वाली हद तक असंगत है।

याचिकाकर्ता ने 1977 में चतुर्थ श्रेणी के पद पर सेवा शुरू की थी। पदोन्नति के बाद वह उन्नाव जिले के पुरवा स्थित सिविल जज (जूनियर डिवीजन) की अदालत में डिप्टी नाजिर के रूप में कार्यरत था।

उसके खिलाफ 1997 में चार आरोपपत्र जारी किए गए। ये आरोप 23 नवंबर 1994 को रात करीब नौ बजे पुरवा में तत्कालीन मुंसिफ मजिस्ट्रेट के आवास के पास हुई एक घटना से संबंधित थे।

आरोप था कि उसने एक होमगार्ड के साथ दुर्व्यवहार किया नशे की हालत में न्यायिक अधिकारी के आवास पर पहुंचकर उनके साथ गाली-गलौज की और गश्त कर रही पुलिस ने उसे पकड़कर पुलिस अधिनियम की धारा 34 के तहत रातभर हिरासत में रखा।

सरकारी नीति के तहत 02 साल में रिटायर होने वाले कर्मचारी का नहीं होगा तबादला, गृह जिले के पास होगी पोस्टिंग

बलिया से सोनभद्र तबादले पर उच्च न्यायालय ने लगाई रोक

प्रयागराज।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ट्रांसफर पॉलिसी का हवाला देते हुए 02 साल में रिटायर होने वाले कर्मचारी के बलिया से सोनभद्र तबादले पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम ने भूपेंद्र सिंह की याचिका पर यह आदेश दिया।

याची भूपेन्द्र सिंह का तबादला 31.मई.2026 और 05.जून 2026 के आदेश से जिला बलिया से सोनभद्र कर दिया गया था। इसी को चुनौती दी गई।

दलील दी गई कि याची दो साल के भीतर रिटायर होने वाला है। ट्रांसफर पॉलिसी में प्रावधान है कि जो कर्मचारी दो साल में रिटायर होने वाला है, उसे उसके होम डिस्ट्रिक्ट के नजदीक या उसकी पसंद की जगह पर पोस्ट किया जाएगा। इसलिए तबादला आदेश पर रोक लगाई जाए।

सरकारी वकील ने कहा ट्रांसफर पॉलिसी केवल गाइडलाइन है, इसे किसी भी पक्ष द्वारा लागू नहीं कराया जा सकता।

कोर्ट ने कहा - मामले में विचार की आवश्यकता है और चार हफ्ते में जवाब मांगा।

विवेचना में लापरवाही, एसपी बलिया को जांच कर विवेचक के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश

प्रयागराज।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने आपराधिक मामले की विवेचना में अधिकारी की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताते हुए बलिया के पुलिस अधीक्षक को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति समीर जैन ने प्रिंस कुमार की जमानत अर्जी पर यह आदेश दिया। शिकायतकर्ता के अधिवक्ता ने कहा कि विवेचना के दौरान जांच अधिकारी ने घटना की फुटेज तो हासिल की, लेकिन उसका सार केस डायरी में दर्ज नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा कि वीडियो से स्पष्ट है कि मृतक ने मरने से पहले आवेदक और अन्य आरोपियों के नाम बताए थे, मगर उसके वीडियो बयान, जो मृत्युकालिक कथन की श्रेणी में आता है, का ब्योरा भी केस डायरी में नहीं लिखा गया।

उच्च न्यायालय ने माना कि जांच अधिकारी ने विवेचना सही ढंग से नहीं की। अदालत ने निर्देश दिया कि बलिया के एसपी मामले में जांच करें और दोषी पाए जाने पर जांच अधिकारी के विरुद्ध उचित कार्रवाई करें और अगली तारीख पर व्यक्तिगत शपथ पत्र दाखिल कर यह सुनिश्चित करें कि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो। यह भी बताएं कि जांच अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई हुई या नहीं, और यदि नहीं हुई तो क्यों नहीं। अर्जी की अगली सुनवाई 19 नवंबर 2026 को होगी।

33 चित्रकारों की कलाकृतियों सहित रामायण प्रसंगों पर आधारित दो दिवसीय राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी का शुभारंभ

झांसी।

मणिकर्णिका आर्ट गैलरी द्वारा राजकीय संग्रहालय में आयोजित रामायण के प्रसंगों पर आधारित राष्ट्रीय सामूहिक चित्रकला प्रदर्शनी का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में देशभर के 33 चित्रकारों की कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं।

मुख्य अतिथि संस्कार भारती के प्रदेश महामंत्री नरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि कलाकारों ने भगवान श्रीराम के जीवन और रामायण के प्रसंगों को आकर्षक एवं भावपूर्ण ढंग से चित्रित किया है। ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति के संरक्षण के साथ कलाकारों को प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करते हैं।

राजकीय संग्रहालय के उप निदेशक डॉ. मनोज कुमार गौतम ने कहा कि मणिकर्णिका आर्ट गैलरी लंबे समय से चित्रकारों को मंच देने का कार्य कर रही है। विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों को एक मंच पर लाना सराहनीय प्रयास है।

पट्टे को 34 साल बाद चुनौती, याचिका खारिज

प्रयागराज।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ग्राम सभा की जमीन के 1988 में हुए पट्टे को 2022 में चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यूपी राजस्व संहिता 2006 की धारा 128(1-ए) में साफ लिखा है कि आवंटन की तारीख से पांच साल के भीतर शिकायत करनी होगी। याची ने 34 साल बाद शिकायत की है, जो मियाद से बाहर है। साथ ही याची यह भी नहीं बता सका कि वह किस हैसियत से जमीन पर काबिज है, जबकि पक्षकार आपस में सगे संबंधी हैं।

साक्ष्यों की प्रकृति नहीं बदलता एआई, जांच का विश्लेषण होता है तेज

लखनऊ।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) फॉरेंसिक विज्ञान और आपराधिक जांच में साक्ष्यों के विश्लेषण की गति और क्षमता बढ़ा सकता है लेकिन इससे साक्ष्यों की प्रकृति और उनकी कानूनी स्वीकार्यता के मानक नहीं बदलते। एआई सूचनाओं को व्यवस्थित करने, अलग-अलग स्त्रोतों से प्राप्त डेटा की तुलना करने और उनमें छिपे पैटर्न व संबंधों की पहचान करने में मददगार है। हालांकि, किसी भी निष्कर्ष को विश्वसनीय मानने से पहले मूल साक्ष्यों की प्रामाणिकता, अखंडता और विश्वसनीयता की जांच जरूरी है। विशेषज्ञों ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संवाद-26 के ह्यटेकसंगमद्ध सत्र में यह बात कही। पैनल चर्चा में जोर दिया गया कि एआई जांच प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बना सकता है, लेकिन अंतिम निष्कर्षों के लिए मानवीय विवेक, प्रशिक्षित विशेषज्ञों की भूमिका और कानूनी मानकों का पालन अनिवार्य है।



साक्ष्यों की प्रकृति नहीं बदलता एआई, विश्लेषण की प्रक्रिया होती है तेज

पैनल चर्चा में विभिन्न मॉडरेटर ने स्पष्ट किया कि एआई साक्ष्यों की मूल प्रकृति को नहीं बदलता, बल्कि उन्हें एकत्र करने, व्यवस्थित करने, संसाधित करने और उनका विश्लेषण करने की प्रक्रिया को अधिक तेज और प्रभावी बनाता है। विभिन्न स्त्रोतों से मिली सूचनाओं को एकीकृत प्रणाली या डैशबोर्ड पर प्रस्तुत कर जांचकताओं को महत्वपूर्ण तथ्यों को समझने में मदद मिल सकती है। इसके माध्यम से ऐसी समानताओं और संबंधों की पहचान भी की जा सकती है, जिन्हें पारंपरिक तरीकों से तलाशने में अधिक समय लग सकता है। एआई डिजिटल और भौतिक साक्ष्यों के विश्लेषण में सहायता करने के साथ अलग-अलग मामलों या स्थानों से जुड़े साक्ष्यों की तुलना करने में भी उपयोगी हो सकता है। हालांकि, अदालत में किसी साक्ष्य का मूल्यांकन केवल इस आधार पर नहीं होता कि उसकी पहचान या जांच के लिए किस तकनीक का इस्तेमाल किया गया। साक्ष्य की प्रामाणिकता, विश्वसनीयता, प्रासंगिकता और कानूनी स्वीकार्यता के साथ जांच की पूरी प्रक्रिया की विश्वसनीयता महत्वपूर्ण होती है।


फिंगरप्रिंट से डीएनए तक, कई स्तरों पर उपयोगी है एआई

फॉरेंसिक विज्ञान में एआई का इस्तेमाल साक्ष्य संग्रह और दस्तावेजीकरण से लेकर डिजिटल उपकरणों की जांच तक विभिन्न स्तरों पर किया जा सकता है।

एआई के दौर में रोजगार के लिए नई तकनीक और कौशल जरूरी : डॉ. विपिन खुराना

झांसी।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते प्रभाव के बीच रोजगार के बदलते स्वरूप के अनुरूप नई तकनीक और कौशल विकसित करना जरूरी है। विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान देने के बजाय वास्तविक समस्याओं का समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। यह बात बेंगलुरु से आए विशेषज्ञ डॉ. विपिन खुराना ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में आयोजित नॉलेज शेयरिंग प्रोग्राम में कही।



विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी एवं आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 48 शिक्षक और 161 विद्यार्थी समेत 209 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। शिक्षकों के सत्र में डॉ. खुराना ने केस स्टडी आधारित शिक्षण की उपयोगिता बताई। उन्होंने कहा कि वास्तविक जीवन की घटनाओं और व्यावहारिक समस्याओं के माध्यम से विद्यार्थियों में विश्लेषण, तार्किक सोच और निर्णय क्षमता विकसित की जा सकती है।

आईक्यूएसी निदेशक प्रो. सुनील के. कबिया ने कहा कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए नवीन शिक्षण पद्धतियों और शिक्षकों का निरंतर व्यावसायिक विकास जरूरी है।

डॉ. शंभू नाथ सिंह ने केस स्टडी को सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बताया।

हरदोई कचहरी में अधिवक्ताओं के झगड़े में कार्रवाई न होने पर पीड़ित में दहशत

हरदोई।

उत्तर प्रदेश में जनपद हरदोई कोतवाली में 14 अक्टूबर को कचहरी परिसर में दो अधिवक्ताओं के बीच हुए झगड़े के मामले में पुलिस की ओर से कोई कठोर कार्रवाई न होने पर पीड़ित दहशत में है। उसने पुलिस के तमाम आला अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है, लेकिन अभी तक उसे कोई मदद नहीं मिली। अब उसे अपने साथ-साथ परिवार की भी सुरक्षा का डर सताने लगा है।



टड़ियावां थानाक्षेत्र के बहोरवा निवासी अधिवक्ता राघवेंद्र मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि उसने आरोपित सत्येंद्र मिश्रा, अनिल मिश्रा, प्रशांत मिश्रा और पवन त्रिवेदी के खिलाफ शहर कोतवाली में तहरीर दी है। लेकिन तहरीर के आधार पर धाराएं नहीं लगाई गईं हैं, जबकि उसके पास और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो साक्ष्य के तौर पर मौजूद हैं जिसमें साफ-साफ आरोपित सतेंद्र मिश्र जंजीर से गला दबाते हुए मार डालने की नियत से पीड़ित की गर्दन पर चढ़ा हुआ है।

गंगा को स्वच्छ रखने में मछलियों की अहम भूमिका

प्रयागराज।

गंगा की मत्स्य संपदा के संरक्षण और नदी को स्वच्छ बनाए रखने में मछलियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मछुआ समुदाय को मछलियों से आजीविका मिलती है, इसलिए उनका संरक्षण करना भी समाज की जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से शुक्रवार को राज्य पोषित योजना के तहत गंगा नदी में एक लाख मत्स्य बीज छोड़े गए। इस अवसर पर रिवर रैंचिंग कार्यक्रम के साथ जन-जागरूकता गोष्ठी का भी आयोजन किया गया।



मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य प्राधिकरण प्रयागराज सुनील कुमार पाल ने मछुआ समुदाय के लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने अपील की कि पात्र लोग योजनाओं का लाभ लेने के लिए मत्स्य विभाग के कार्यालय से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि निषाद समाज की महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के तहत 40 से 60 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति तथा स्वास्थ्य बीमा जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

मछलियों का संरक्षण और गंगा की स्वच्छता जरूरी

निषाद पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुनील कुमार निषाद ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद के मंत्री बनने के बाद से मछुआ समुदाय के हित में लगातार काम किए जा रहे हैं। मत्स्य विभाग के माध्यम से कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ निषाद, मांझी, मल्लाह, केवट, बिंद सहित मछुआ समुदाय की 17 उपजातियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश मत्स्य उत्पादन में देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है।

सुनील कुमार निषाद ने कहा कि जब गंगा से मछलियों के माध्यम से आजीविका मिलती है, तो नदी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाए रखना भी सबकी जिम्मेदारी है। मछलियां गंगा की पारिस्थितिकी और स्वच्छता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इसलिए मत्स्य संपदा का संरक्षण करना जरूरी है। इसी दिशा में गंगा में एक लाख मत्स्य बीज छोड़े गए। उन्होंने कहा कि मछली मछुआ समुदाय की आजीविका का प्रमुख आधार है, इसलिए इसकी रक्षा और संवर्धन के लिए सभी को आगे आना चाहिए।

मत्स्य किसानों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील

इस अवसर पर बारा विधायक डॉ. वाचस्पति के प्रतिनिधि विजय कुमार निषाद ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने मत्स्य किसानों से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने और मत्स्य पालन को बढ़ावा देने की अपील की। कार्यक्रम में मत्स्य विकास अधिकारी मनोज कुमार सहित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। गोष्ठी के बाद अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और उपस्थित लोगों ने गंगा नदी में एक लाख मत्स्य बीज

करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह भारत के पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, और राजस्थान का पर्व है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह पर्व सौभाग्यवती(सुहागिन) स्त्रियाँ मनाती हैं। यह व्रत सुबह सूर्योदय से पहले करीब 4 बजे के बाद शुरू होकर रात में चंद्रमा दर्शन के बाद संपूर्ण होता है।



करवा चौथ
प्यार-विश्वास का त्योहार

ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलाओं तक सभी नारियाँ करवाचौथ का व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं। शास्त्रों के अनुसार यह व्रत कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्थी के दिन करना चाहिए। पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की अर्चना की जाती है। करवाचौथ में भी संकष्टीगणेश चतुर्थी की तरह दिन भर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को अर्घ्य देने के उपरांत ही भोजन करने का विधान है। वर्तमान समय में करवाचौथ व्रतोत्सव ज्यादातर महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित प्रथा के अनुसार ही मनाती हैं लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं।

व्रत – कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करक चतुर्थी (करवा-चौथ) व्रत करने का विधान है। इस व्रत की विशेषता यह है कि केवल सौभाग्यवती स्त्रियों को ही यह व्रत करने का अधिकार है। स्त्री किसी भी आयु, जाति, वर्ण, संप्रदाय की हो, सबको इस व्रत को करने का अधिकार है। जो सौभाग्यवती (सुहागिन) स्त्रियाँ अपने पति की आयु, स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना करती हैं वे यह व्रत रखती हैं।

यह व्रत 12 वर्ष तक अथवा 16 वर्ष तक लगातार हर वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होने के पश्चात इस व्रत का उद्यापन (उपसंहार) किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियाँ आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रत को कर सकती हैं। इस व्रत के समान सौभाग्यदायक व्रत अन्य कोई दूसरा नहीं है। अतः सुहागिन स्त्रियाँ अपने सुहाग की रक्षार्थ इस व्रत का सतत पालन करें।

व्रत की विधि – कार्तिक कृष्ण पक्ष की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी अर्थात उस चतुर्थी की रात्रि को जिसमें चंद्रमा दिखाई देने वाला है, उस दिन प्रातः स्नान करके अपने सुहाग (पति) की आयु, आरोग्य, सौभाग्य का संकल्प लेकर दिनभर निराहार रहें।

पूजन – उस दिन भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा का पूजन करें। पूजन करने के लिए बालू अथवा सफेद मिट्टी की वेदी बनाकर उपरोक्त वर्णित सभी देवों को स्थापित करें।

नैवेद्य – शुद्ध घी में आटे को सेंककर उसमें शक्कर अथवा खांड मिलाकर मोदक (लड्डू) नैवेद्य हेतु बनाएँ।

करवा – काली मिट्टी में शक्कर की चासनी मिलाकर उस मिट्टी से तैयार किए गए मिट्टी के करवे अथवा तांबे के बने हुए करवे।

संख्या – 10 अथवा 13 करवे अपनी सामर्थ्य अनुसार रखें।

पूजन विधि – बालू अथवा सफेद मिट्टी की वेदी पर शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा की स्थापना करें। मूर्ति के अभाव में सुपारी पर नाड़ा बाँधकर देवता की भावना करके स्थापित करें। पश्चात यथाशक्ति देवों का पूजन करें।

पूजन हेतु निम्न मंत्र बोलें – ओम शिवायै नमः से पार्वती का, ओम नमः शिवाय से शिव का, ओम षण्मुखाय नमः से स्वामी कार्तिकेय का, ओम गणेशाय नमः से गणेश का तथा ओम सोमाय नमः से चंद्रमा का पूजन करें।

करवों में लड्डू का नैवेद्य रखकर नैवेद्य अर्पित करें। एक लोटा, एक वस्त्र व एक विशेष करवा दक्षिणा के रूप में अर्पित कर पूजन समापन करें। करवा चौथ व्रत की कथा पढ़ें अथवा सुनें

सायंकाल चंद्रमा के उदित हो जाने पर चंद्रमा का पूजन कर अर्घ्य प्रदान करें। इसके पश्चात ब्राह्मण, सुहागिन स्त्रियों व पति के माता-पिता को भोजन कराएँ। भोजन के पश्चात ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा दें। पति की माता (अर्थात अपनी सासूजी) को उपरोक्त रूप से अर्पित एक लोटा, वस्त्र व विशेष करवा भेंट कर आशीर्वाद लें। यदि वे जीवित न हों तो उनके तुल्य किसी अन्य स्त्री को भेंट करें। इसके पश्चात स्वयं व परिवार के अन्य सदस्य भोजन करें।

पूजन सामग्री

करवा चौथ एक नारी पर्व है। इस व्रत को सौभाग्यवती महिलाएं करती हैं। इस व्रत में प्रमुखतः गौरी व गणेश का पूजन किया जाता है। जिसमें पूजन सामग्री का भी विशेष ध्यान रखा जाता है। आइए देखते हैं करवा चौथ से जुड़ी पूजन सामग्री की सूची – 1. चंदन 2. शहद 3. अगरबत्ती 4. पुष्प 5. कच्चा दूध 6. शक्कर 7. शुद्ध घी 8. दही 9. मिठाई 10. गंगाजल 11. कुंकू 12. अक्षत (चावल) 13. सिंदूर 14. मेहंदी 15. महावर 16. कंघा 17. बिंदी 18. चुनरी 19. चूड़ी 20. बिछुआ 21. मिट्टी का टोंटीदार करवा व ढक्कन 22. दीपक 23. रुई 24. कपूर 25. गेहूं 26. शक्कर का बूरा 27. हल्दी 28. पानी का लोटा 29. गौरी बनाने के लिए पीली मिट्टी 30. लकड़ी का आसन 31. चलनी 32. आठ पूरियों की अठावरी 33. हलुआ 34. दक्षिणा (दान) के लिए पैसे, इत्यादि।

व्रत की पूजन विधि

हिंदू सनातन पद्धति में करवा चौथ सुहागिनों का महत्वपूर्ण त्योहार माना गया है। इस पर्व पर महिलाएं हाथों में मेहंदी रचाकर, चूड़ी पहन व सोलह श्रृंगार कर अपने पति की पूजा कर व्रत का पारायण करती हैं। सुहागिन या पतिव्रता स्त्रियों के लिए करवा चौथ बहुत ही महत्वपूर्ण व्रत है। यह व्रत कार्तिक कृष्ण की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी को किया जाता है। यदि दो दिन की चंद्रोदय व्यापिनी हो या दोनों ही दिन, न हो तो मातृविद्धा प्रशस्यते के अनुसार पूर्वविद्धा लेना चाहिए। स्त्रियां इस व्रत को पति की दीर्घायु के लिए रखती हैं। यह व्रत अलग-अलग क्षेत्रों में वहां की प्रचलित मान्यताओं के अनुरूप रखा जाता है, लेकिन इन मान्यताओं में थोड़ा-बहुत अंतर होता है। सार तो सभी का एक होता है पति की दीर्घायु।

करवा चौथ व्रत विधि

- करवा चौथ की आवश्यक संपूर्ण पूजन सामग्री को एकत्र करें।
- व्रत के दिन प्रातः स्नानादि करने के पश्चात यह संकल्प बोलकर करवा चौथ व्रत का आरंभ करें- मम सुखसौभाग्य पुत्रपौत्रादि सुस्थिर श्री प्राप्तये करक चतुर्थी व्रतमहं करिष्ये।
- पूरे दिन निर्जला रहें।
- दीवार पर गेरू से फलक बनाकर पिसे चावलों के घोल से करवा चित्रित करें। इसे वर कहते हैं। चित्रित करने की कला को करवा धरना कहा जाता है।
- आठ पूरियों की अठावरी बनाएं। हलुआ बनाएं। पक्के पकवान बनाएं।
- पीली मिट्टी से गौरी बनाएं और उनकी गोद में गणेशजी बनाकर बिठाएं।
- गौरी को लकड़ी के आसन पर बिठाएं। चौक बनाकर आसन को उस पर रखें। गौरी को चुनरी ओढ़ाएं। बिंदी आदि सुहाग सामग्री से गौरी का श्रृंगार करें।
- जल से भरा हुआ लोटा रखें।
- वायना (भेंट) देने के लिए मिट्टी का टोंटीदार करवा लें। करवा में गेहूं और ढक्कन में शक्कर का बूरा भर दें। उसके ऊपर दक्षिणा रखें।
- रोली से करवा पर स्वस्तिक बनाएं।
- गौरी-गणेश और चित्रित करवा की परंपरानुसार पूजा करें। पति की दीर्घायु की कामना करें।

नमः शिवायै शर्वाण्यै सौभाग्यं संतति शुभाम। प्रयच्छ भक्तियुक्तानां नारीणां हरवल्लभे॥

- करवा पर 13 बिंदी रखें और गेहूं या चावल के 13 दाने हाथ में लेकर करवा चौथ की कथा कहें या सुनें।
- कथा सुनने के बाद करवा पर हाथ घुमाकर अपनी सासुजी के पैर छूकर आशीर्वाद लें और करवा उन्हें दे दें।
- तेरह दाने गेहूं के और पानी का लोटा या टोंटीदार करवा अलग रख लें।
- रात्रि में चन्द्रमा निकलने के बाद छलनी की ओट से उसे देखें और चन्द्रमा को अर्घ्य दें।
- इसके बाद पति से आशीर्वाद लें। उन्हें भोजन कराएं और स्वयं भी भोजन कर लें।

पूजन के पश्चात आस-पड़ोस की महिलाओं को करवा चौथ की बधाई देकर पर्व को संपन्न करें।

दूध का अर्घ्य चढ़ेगा चंद्र देव को



पति की लंबी उम्र और मंगल कामना के लिए सुहागिनें करवा चौथ का व्रत रखेंगी। इस दिन निर्जला उपवास कर शाम को चंद्र दर्शन के बाद व्रत का समापन करेंगी। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करवा चौथ का व्रत रखा जाएगा। सौभाग्यवती महिलाएं अखंड सुहाग की रक्षा और पति के स्वस्थ्य एवं दीर्घायु जीवन के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। इस दिन महिलाएं सुबह से ही व्रत रखकर संध्या के समय करवा चौथ की कथा का श्रवण करेंगी और रात में चंद्रदेव को अर्घ्य देकर व्रत तोड़ेंगी। यह व्रत निराहार ही नहीं बल्कि निर्जला के रूप में ही करना अधिक लाभप्रद माना जाता है। इस व्रत में भगवान शिव-पार्वती, कार्तिकेय, चंद्रदेव और गौरा का पूजन करने का विधान है। विधिवत पूजा-अर्चना के लिए एक तांबे या मिट्टी के पात्र में चावल, उड़द की दाल, सुहाग की सामग्री किसी श्रेष्ठ सुहागिन महिला या अपनी सास के चरण स्पर्श कर उन्हें भेंट करना चाहिए। कथा श्रवण करने के बाद रात में जैसे ही चंद्रदेव का उदय हो उसे छलनी से देखकर दूध एवं जल से अर्घ्य दिया जाता है। इसके बाद पहले चंद्रदेव और अपने पतिदेव की पूजा-अर्चना की जाती है। ऐसा करने से पति की आयु लंबी होती है।

करवाचौथ की कथा

बहुत समय पहले की बात है, एक साहूकार के सात बेटे और उनकी एक बहन करवा थी। सभी सातों भाई अपनी बहन से बहुत प्यार करते थे। यहाँ तक कि वे पहले उसे खाना खिलाते और बाद में स्वयं खाते थे। एक बार उनकी बहन ससुराल से मायके आई हुई थी। शाम को भाई जब अपना व्यापार-व्यवसाय बंद कर घर आए तो देखा उनकी बहन बहुत व्याकुल थी। सभी भाई खाना खाने बैठे और अपनी बहन से भी खाने का आग्रह करने लगे, लेकिन बहन ने बताया कि उसका आज करवा चौथ का निर्जल व्रत है और वह खाना सिर्फ चंद्रमा को देखकर उसे अर्घ्य देकर ही खा सकती है। चूँकि चंद्रमा अभी तक नहीं निकला है, इसलिए वह भूख-प्यास से व्याकुल हो उठी है।

सबसे छोटे भाई को अपनी बहन की हालत देखी नहीं जाती और वह दूर पीपल के पेड़ पर एक दीपक जलाकर चलनी की ओट में रख देता है। दूर से देखने पर वह ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे चतुर्थी का चाँद उदित हो रहा हो।

इसके बाद भाई अपनी बहन को बताता है कि चाँद निकल आया है, तुम उसे अर्घ्य देने के बाद भोजन कर सकती हो। बहन खुशी के मारे सीढ़ियों पर चढ़कर चाँद को देखती है, उसे अर्घ्य देकर खाना खाने बैठ जाती है।

वह पहला टुकड़ा मुँह में डालती है तो उसे छींक आ जाती है। दूसरा टुकड़ा डालती है तो उसमें बाल निकल आता है और जैसे ही तीसरा टुकड़ा मुँह में डालने की कोशिश करती है तो उसके पति की मृत्यु का समाचार उसे मिलता है। वह बौखला जाती है। उसकी भाभी उसे सच्चाई से अवगत कराती है कि उसके साथ ऐसा क्यों हुआ। करवा चौथ का व्रत गलत तरीके से टूटने के कारण देवता उससे नाराज हो गए हैं और उन्होंने ऐसा किया है।

सच्चाई जानने के बाद करवा निश्चय करती है कि वह अपने पति का अंतिम संस्कार नहीं होने देगी और अपने सतीत्व से उन्हें पुनर्जीवन दिलाकर रहेगी। वह पूरे एक साल तक अपने पति के शव के पास बैठी रहती है। उसकी देखभाल करती है। उसके ऊपर उगने वाली सूईनुमा घास को वह एकत्रित करती जाती है।

एक साल बाद फिर करवा चौथ का दिन आता है। उसकी सभी भाभियाँ करवा चौथ का व्रत रखती हैं। जब भाभियाँ उससे आशीर्वाद लेने आती हैं तो वह प्रत्येक भाभी से यम सूई ले लो, पिय सूई दे दो, मुझे भी अपनी जैसी सुहागिन बना दो ऐसा आग्रह करती है, लेकिन हर बार भाभी उसे अगली भाभी से आग्रह करने का कह चली जाती है।

इस प्रकार जब छठे नंबर की भाभी आती है तो करवा उससे भी यही बात दोहराती है। यह भाभी उसे बताती है कि चूँकि सबसे छोटे भाई की वजह से उसका व्रत टूटा था अतः उसकी पत्नी में ही शक्ति है कि वह तुम्हारे पति को दोबारा जीवित कर सकती है, इसलिए जब वह आए तो तुम उसे पकड़ लेना और जब तक वह तुम्हारे पति को जिंदा न कर दे, उसे नहीं छोड़ना। ऐसा कह के वह चली जाती है। सबसे अंत में छोटी भाभी आती है। करवा उनसे भी सुहागिन बनने का आग्रह करती है, लेकिन वह टालमटोली करने लगती है। इसे देख करवा उन्हें जोर से पकड़ लेती है और अपने सुहाग को जिंदा करने के लिए कहती है। भाभी उससे छुड़ाने के लिए नोचती है, खसोटती है, लेकिन करवा नहीं छोड़ती है। अंत में उसकी तपस्या को देख भाभी पसीज जाती है और अपनी छोटी अँगुली को चीरकर उसमें से अमृत उसके पति के मुँह में डाल देती है। करवा का पति तुरंत श्रीगणेश-श्रीगणेश कहता हुआ उठ बैठता है। इस प्रकार प्रभु कृपा से उसकी छोटी भाभी के माध्यम से करवा को अपना सुहाग वापस मिल जाता है। हे श्री गणेश माँ गौरी जिस प्रकार करवा को चिर सुहागन का वरदान आपसे मिला है, वैसा ही सब सुहागिनों को मिले।

भारत भर में मनाया जाता है करवा चौथ

कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चौथी तिथि को सदियों से करवा चौथ के रूप में मनाया जाता है। इसे करक, करवा, करूआ या करूवा अनेक नामों से जाना जाता है। कई स्थानों पर इसे करवा गौर के नाम से भी पहचाना जाता है।

करवा मिट्टी या धातु से बने हुए लौटे के आकर के एक पात्र को कहते हैं, जिसमें टोंटी लगी होती है। करवा चौथ का व्रत स्त्रियां अपने सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए रखती हैं। शास्त्रों में दो विशिष्ट संदर्भों की वजह से करवा चौथ व्रत के पुरातन स्वरूप का प्रमाण मिलता है। इस व्रत के साथ शिव-पार्वती के उल्लेख की वजह से इसके अनादिकाल का पता चलता है। संपूर्ण भारत में, विशेष रूप से उत्तर-पूर्वी भारत में करवा चौथ का व्रत मनाया जाता है। निर्जला एकादशी व्रत की तरह यह व्रत भी निराहार व निर्जला होता है।

ऐसा माना जाता है कि यह व्रत सिर्फ विवाहिता स्त्रियों के लिए है परंतु अविवाहित कन्याओं द्वारा भी इस व्रत को किए जाने के प्रमाण उपलब्ध हैं। फर्क सिर्फ इतना ही है कि सौभाग्यवती महिलाएं चंद्रदर्शन के पश्चात व्रत तोड़ती हैं और कन्याएं आसमान में पहले तारे के दर्शन के बाद व्रत समाप्त करती हैं। संभव है कि लोकोक्ति पहला तारा मैंने देखा, मेरी मर्जी पूरी इस व्रत के कारण ही शुरू हुई हो। करवा चौथ व्रत में शिव, पार्वती, कार्तिकेय और चंद्रमा की पूजा की जाती है। इस व्रत के लिए चंद्रोदय के समय चतुर्थी होना जरूरी माना गया है। इस व्रत में करवे का विशेष रूप से प्रयोग होता है। महिलाएं दिनभर निर्जला उपवास रखती हैं और चंद्रोदय के बाद भोजन-जल ग्रहण करती हैं। करवे में पकवान भरे जाते हैं या पताशे रखे जाते हैं और उन्हें दान में दिया जाता है। कई स्थानों पर चावल से बने व्यंजन भी रखे जाते हैं। इसी दिन शाकप्रस्थपुर के वेदधर्मा ब्राह्मण की विवाहिता पुत्री वीरवती की कथा सुनाई जाती है, जिसने यह व्रत किया था और पुनः अपने पति को प्राप्त किया था। दीवारों पर या जमीन पर सूर्य, चंद्र और करवे के चित्र बनाए जाते हैं। करवे को चावल व अलग-अलग रंगों से आवृतियां बनाकर सजाया जाता है। करवे की टोंटी में सरकंडे की सींकें लगाई जाती हैं। टोंटीवाले करवे के लोटे का चयन संकल्प व आचमन हेतु जल निकालने के लिए किया जाना, संभव है इस व्रत के पूर्व में ही विद्यमान रहा होगा।





स्वामी- सुशील कुमार सिंह, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), एन 30, ऑफसेट रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा, गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश से छपवाकर हाउस नं. 52 ग्रीनवुड-2 सेक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949) (समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशिक सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की सकती है। ई-मेल-noida.morningcity@gmail.com।